मुंबई (महाराष्ट्र) से प्रकाशित

हिन्दी दैनिक

# उत्तरशक्ति

मुंबई
वर्ष: 7 अंक 240
गुरुवार, 20 मार्च 2025
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshakti.co.in

हर खबर निष्पक्षता के साथ


## सुनिश्चित करें कि नीदरलैंड की कंपनियां पाकिस्तान को हथियार, तकनीक उपलब्ध न कराएं : राजनाथ सिंह

**नई दिल्ली, 20 मार्च।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सीमा पार आतंकवाद पर चिंता व्यक्त करते हुए मंगलवार को नीदरलैंड के अपने समकक्ष रूबेन बर्केलमैन्स से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि उनके देश की कंपनियां पाकिस्तान को हथियार, मंच या तकनीक उपलब्ध न कराएं। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

दोनों नेताओं ने यहां हिंद-प्रशांत तथा कृत्रिम मेधा (एआई) जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों सहित व्यापक विषयों पर चर्चा की। सिंह ने बैठक के बाद एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि वे द्विपक्षीय रक्षा साझेदारी को और अधिक गहरा और उन्नत बनाने के लिए तत्पर हैं।

सूत्रों ने बताया कि बैठक के दौरान सिंह ने पिछले कई दशकों से पाकिस्तान से उत्पन्न सीमापार आतंकवाद पर चिंता व्यक्त की, जिसके कारण भारत को नुकसान उठाना पड़ा है।

उन्होंने बर्केलमैन्स से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि नीदरलैंड की कंपनियां पाकिस्तान को हथियार, मंच या प्रौद्योगिकी उपलब्ध न कराएं। सिंह ने यह भी कहा कि पाकिस्तान को मंच या प्रौद्योगिकी उपलब्ध कराना क्षेत्र में शांति और स्थिरता के लिए हानिकारक है।

रक्षा मंत्रालय ने यहां एक बयान में बताया कि दोनों मंत्रियों ने पोत निर्माण, उपकरण और अंतरिक्ष क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा की, जिससे दोनों देशों के कौशल, प्रौद्योगिकी में तालमेल को अधिकतम किया जा सके।



सिंह ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, नयी दिल्ली में नीदरलैंड के युवा और गतिशील रक्षा मंत्री रूबेन बर्केलमैन्स से मिलकर मुझे बहुत खुशी हुई। हमने भारत-नीदरलैंड रक्षा सहयोग के पूरे दायरे की समीक्षा की। हम अपनी रक्षा साझेदारी को और गहरा करने और आगे बढ़ाने के लिए तत्पर हैं। हमारी चर्चा के क्षेत्रों में रक्षा, साइबर सुरक्षा, हिंद-प्रशांत और कृत्रिम बुद्धिमता जैसी उभरती हुई प्रौद्योगिकियां शामिल थीं। बयान के मुताबिक, दोनों नेताओं ने रक्षा, सुरक्षा, सूचना आदान-प्रदान, हिंद-प्रशांत और नयी एवं उभरती प्रौद्योगिकियों जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की।

उन्होंने संबंधित रक्षा प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थानों और संगठनों को जोड़ने के अलावा एआई और संबंधित प्रौद्योगिकियों जैसे क्षेत्रों में मिलकर काम करने पर भी चर्चा की।

## नियंत्रण रेखा पर घुसपैठ की कोशिश, एनआईए ने जम्मू में 12 स्थानों पर की छापेमारी

**जम्मू, 20 मार्च।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पाकिस्तान स्थित आतंकवादी समूहों से जुड़े आतंकवादियों द्वारा सीमा पार से घुसपैठ की जांच के सिलसिले में बुधवार को जम्मू में 12 स्थानों पर तलाशी ली। अधिकारियों ने बताया कि जिन लोगों के यहां छापेमारी की जा रही है, उनमें आतंकवादी समूहों के समर्थक और ओवरग्राउंड वर्कर (ओजीडब्ल्यू) भी शामिल हैं, जो भारत में घुसपैठ करने वाले आतंकवादियों को रसद, छिपने के स्थान और सुरक्षित मार्ग उपलब्ध कराने में मदद करते हैं। संघीय एजेंसी ने लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े सक्रिय आतंकवादियों के अंतर्राष्ट्रीय सीमा और नियंत्रण रेखा (एलओसी) के माध्यम से भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ के संबंध में सूचना के आधार पर पिछले साल 24 अक्टूबर को घुसपैठ संबंधी घटनाओं में मामला दर्ज किया था। एनआईए के एक अधिकारी ने कहा, ये घुसपैठ जम्मू क्षेत्र के गांवों में स्थित ओजीडब्ल्यू और अन्य आतंकवादी सहयोगियों द्वारा सुगम बनाई गई थी, जो आतंकवादियों को रसद सहायता, भोजन, आश्रय, धन उपलब्ध कराने में लगे हुए थे। अधिकारी ने बताया कि संदिग्ध हाइब्रिड आतंकवादी और ओजीडब्ल्यू प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों की नवगठित शाखाओं और सहयोगियों से जुड़े हुए हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस वर्ष अब तक जम्मू-कश्मीर पर तीन सुरक्षा समीक्षा बैठकों के दौरान सुरक्षा बलों को आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता अपनाने और आतंकवादी संगठनों, उनके वित्तपोषकों और भूमिगत कार्यकताओं के पारिस्थितिकी तंत्र को खत्म करने का निर्देश दिया है।




## नई मुसीबत में फंसे सत्येंद्र जैन, एसीबी ने रिश्वत लेने के मामले में दर्ज की एफआईआर

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) ने बुधवार को आम आदमी पार्टी (आप) के नेता और पूर्व विधायक सत्येंद्र जैन के खिलाफ राष्ट्रीय राजधानी के लिए 571 करोड़ रुपये की सीसीटीवी परियोजना के संबंध में भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज किया। संयुक्त पुलिस आयुक्त (सीपी) और एसीबी के प्रमुख मधुर वर्मा के अनुसार, 7 करोड़ रुपये की रिश्वत लेकर 16 करोड़ रुपये के परिसमाप्त हर्जाने को कथित तौर पर मनमाने ढंग से माफ कर दिया गया। सक्षम प्राधिकारी से पूर्व अनुमोदन प्राप्त करने के बाद, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 17 ए के तहत पूर्व लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मंत्री जैन के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी।

## बिहार को पैर पकड़वा नहीं, आगे ले जाने वाला सीएम चाहिए : तेजस्वी यादव

**पटना, 20 मार्च।** केंद्रीय कृषि मंत्रालय द्वारा कथित तौर पर आईआईएमआर और बीज उत्पादन केंद्र को बिहार से कर्नाटक स्थानांतरित करने को लेकर चुनाव से पहले राज्य की सियासत तेज हो गई है। पूरे मामले को लेकर विपक्ष सत्तारूढ़ एनडीए सरकार पर हमलावर है। राजद नेता तेजस्वी यादव ने फिर एक बार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और भाजपा पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि अगर बिहार के सीएम को इसकी जानकारी थी, तो क्या उन्होंने पीएम और कृषि मंत्री से बात की?

एनडीए सरकार पर वार करते हुए तेजस्वी ने कहा कि उनका बिहार से पलायन रोकने का कोई इरादा नहीं है; वे इसे बढ़ाने की



तैयारी कर रहे हैं। यहां तक कि गिरिराज सिंह ने भी इस बारे में तभी बात की जब मैंने इस बारे में ट्वीट किया। उन्होंने कहा कि भाजपा की ओर से किसी ने भी इस कदम का विरोध नहीं किया। बिहार को 'पैर पकड़वा मुख्यमंत्री' की जरूरत नहीं है। बिहार को एक ऐसे मुख्यमंत्री की जरूरत है जिसके पास दूरदृष्टि हो और जो निडर होकर बिहार को आगे ले जा सके। यही डबल इंजन सरकार की हकीकत है। नीतीश कुमार को अपनी कुर्सी के अलावा किसी चीज की परवाह नहीं है।केंद्रीय मंत्री और बेगूसराय से सांसद गिरिराज सिंह ने मंगलवार को उन दावों का खंडन किया जिनमें कहा गया था कि केंद्रीय कृषि मंत्रालय भारतीय मक्का अनुसंधान संस्थान और बीज उत्पादन केंद्र को बेगूसराय से कर्नाटक के शिवमोगा में स्थानांतरित करने की योजना बना रहा है। उन्होंने विपक्ष पर राजनीतिक लाभ के लिए अफवाहें फैलाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इस मामले को लेकर 17 जनवरी को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मेरी विस्तृत टेलीफोन पर बातचीत हुई।

## तेलंगाना सरकार ने पेश किया 3.05 लाख करोड़ रुपये का बजट

**तेलंगाना, 20 मार्च।** तेलंगाना सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए करीब 3.05 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश किया। तेलंगाना के उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री भट्टी विक्रमार्क मल्लू ने राज्य का बजट 2025-26 पेश किया उन्होंने कहा कि अगले दशक के लिए हमारा रणनीतिक रोडमैप मौजूदा 200 बिलियन डॉलर की राज्य अर्थव्यवस्था को पांच गुना बढ़ाकर एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की परिकल्पना करता है। बजट में अनुसूचित जाति कल्याण विभाग के लिए 40,232 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के लिए 17,169 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।



पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के लिए 11,405 करोड़ रुपये आवंटित करने का प्रस्ताव है। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के लिए 3,591 करोड़ रुपये और महिला एवं बाल कल्याण विभाग के लिए 2,862 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि हम हैदराबाद को अंतरराष्ट्रीय मानकों के वैश्विक शहर में बदलने के लिए एक मास्टर प्लान विकसित कर रहे हैं, जिसमें तकनीकी उन्नति, परिवहन विस्तार, बुनियादी ढांचे के विकास और पर्यावरण संरक्षण पर ध्यान केंद्रित किया गया है। इस विजन के एक हिस्से के रूप में, हमने हैदराबाद को प्रदूषण मुक्त शहर बनाने के लिए मुसी रिवरफ्रंट डेवलपमेंट प्रोजेक्ट शुरू किया है। मल्लू भट्टी विक्रमार्क ने कहा कि तेलंगाना को आधुनिक तकनीक, स्वच्छ ऊर्जा और सतत विकास में अग्रणी बनाने के लिए, हमने 'मेगा मास्टर प्लान 2050' तैयार किया है।

उन्होंने कहा कि तेलंगाना बजट वित्त वर्ष 2025-26 में कृषि विभाग के लिए 24,439 करोड़ रुपये और शिक्षा के लिए 23,108 करोड़ रुपये का प्रस्ताव है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य, चिकित्सा एवं परिवार कल्याण विभाग को तेलंगाना बजट 2025-26 में 12,393 करोड़ रुपये देने का प्रस्ताव। सिंचाई विभाग को 23,373 करोड़ रुपये तथा ऊर्जा विभाग को 21,221 करोड़ रुपयेआ वंटित किए जाएंगे।

## सरकार जल्द ही नई पथकर नीति की घोषणा करेगी, उपभोक्ताओं को उचित रियायत देगी : नितिन गडकरी

**नई दिल्ली, 20 मार्च।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को कहा कि सरकार जल्द ही राष्ट्रीय राजमार्गों पर पथकर (टोल शुल्क) के लिए एक नई नीति की घोषणा करेगी, जिसमें उपभोक्ताओं को उचित रियायत दी जाएगी।

राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक सवालों का जवाब देते हुए गडकरी ने कहा कि सरकार सड़क बुनियादी ढांचे के निर्माण पर बहुत खर्च कर रही है और इसलिए पथकर आवश्यक है।गडकरी ने कहा, यह विभाग




की नीति है कि जब आपको अच्छी सड़क चाहिए, तो आपको इसके लिए भुगतान करना होगा। असम के बारे में, उन्होंने कहा कि सरकार तीन लाख करोड़ रुपये खर्च करने की योजना बना रही है।हम कई बड़ी सड़कें बना रहे हैं, चार लेन, छह लेन। मैं ब्रह्मपुत्र पर कई पुल बना रहा हूं। हम बाजार से धन जुटा रहे हैं। इसलिए पथकर के बिना, हम यह नहीं कर सकते। लेकिन फिर भी, हम बहुत विचारणीय हैं। हम केवल चार लेन पर पथकर वसूल रहे हैं, दो लेन पर नहीं।

वर्ष 2008 के नियमों के अनुसार, राष्ट्रीय राजमार्ग के एक ही खंड पर और एक ही दिशा में 60 किलोमीटर के भीतर टोल प्लाजा स्थापित नहीं किया जा सकता है। गडकरी ने कहा कुछ अपवाद हैं। इस सत्र को पूरा करने के बाद, हम पथकर के लिए एक नई नीति घोषित करने जा रहे हैं, जहाँ समस्या का समाधान किया जाएगा और हम उपभोक्ता को उचित रियायत देंगे।

## बीजेपी विधायक अभय वर्मा को मिली बड़ी जिम्मेदारी, दिल्ली विधानसभा में बने चीफ व्हिप

**नई दिल्ली, 20 मार्च।** विधायक दल के मुखिया और मुख्यमंत्री से विचार-विमर्श के बाद दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने मंगलवार को लक्ष्मी नगर से दो बार विधायक रह चुके अभय वर्मा को भाजपा विधायक दल का मुख्य सचेतक नियुक्त करने की घोषणा की। सचदेवा ने वर्मा को दिल्ली की राजनीति में



पूर्वांचल का एक प्रमुख चेहरा बताया। उन्होंने विधायक के तौर पर वर्मा के अनुभव और उनकी कानूनी विशेषज्ञता पर प्रकाश डाला और विश्वास जताया कि वे मुख्य सचेतक के तौर पर अपनी जिम्मेदारियों का बखूबी निर्वहन करेंगे। वर्तमान में 2021 से दिल्ली भाजपा के मुख्य प्रवक्ता के रूप में कार्यरत वर्मा ने पार्टी के भीतर प्रमुख नेतृत्व की भूमिकाएँ भी निभाई हैं।










# भारत सक्षम है खुशी के उजालों को उद्घाटित करने में



-ललित गर्ग

## अंतर्राष्ट्रीय खुशी दिवस- 20 मार्च, 2025

अंतर्राष्ट्रीय खुशी दिवस हर साल 20 मार्च को मनाया जाने वाला एक वैश्विक आयोजनात्मक एवं प्रयोजनात्मक दिवस है, जिसका उद्देश्य खुशी, खुशहाली के साथ एक अधिक प्रसन्न, दयालु एवं शांतिपूर्ण दुनिया को बढ़ावा देना है। यह लोगों के जीवन में खुशी के महत्व को मनाने और पहचानने तथा व्यक्तियों, समुदायों और संगठनों को खुशी और खुशहाली को बढ़ावा देने के लिए कार्रवाई करने के लिए प्रोत्साहित करने का दिन है। संयुक्त राष्ट्र ने 2012 में 20 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय खुशी दिवस के रूप में घोषित किया, यह दिन पहली बार 2013 में मनाया गया था और तब से, यह एक वैश्विक आंदोलन बन गया है। यह दिवस कोरा दिवस नहीं, एक आन्दोलन है, जो इस विश्वास पर आधारित है कि खुशी एक मौलिक मानव अधिकार है और खुशी और कल्याण को बढ़ावा देने से एक अधिक शांतिपूर्ण, न्यायसंगत और टिकाऊ दुनिया बन सकती है। यह जीवन को बदलने और दुनिया को सभी के लिए एक बेहतर जगह बनाने के लिए खुशी की शक्ति का जश्न मनाने का दिन है। इस वर्ष की थीम ह्यएक साथ खुश रहोह्व है। यह थीम हमें याद दिलाती है कि खुशी पाने के लिए दूसरों से जुड़ाव महसूस करना और किसी बड़ी चीज का हिस्सा बनना यानी बड़ी सोच-बड़े कदम जरूरी है। हम खुशी की मशाल को आगे बढ़ाएं, जहाँ भी हम जाएँ, खुशियाँ फैलाएँ, खुशियों का संसार गढ़े।

संयुक्त राष्ट्र ने 20 मार्च को विश्व प्रसन्नता दिवस के अवसर पर विश्व प्रसन्नता रिपोर्ट 2024 जारी की, जिसमें भारत 143 देशों में से 126वें स्थान पर है। भारत लीबिया, इराक, पाकिस्तान, फिलिस्तीन और नाइजर जैसे देशों से पीछे है। दुनिया की सबसे बड़ी आबादी के साथ सातवां सबसे बड़ा भू-भाग रखने वाले भारत की तुलना दुनिया के छोटे-छोटे, निम्न आबादी एवं कम चुनौतियों का सामना करने वाले देशों से कैसे की जा सकती है? खुशहाली को महज आर्थिक प्रगति और संसाधनों की अधिकता के मद्देनजर देखा जाना भी कैसे उपयुक्त माना जा सकता है। जिन देशों को खुशहाल बताया गया है वहां आबादी, चुनौतियां बहुत कम हैं तथा धार्मिक संघर्ष भी नहीं है। ऐसे छोटे देशों की सरकारों को किसी समस्या को सुलझाने में ज्यादा समय नहीं लगता। उनकी तुलना बड़ी-बड़ी समस्याओं का सामना कर रहे भारत जैसे विशाल देश से कैसे की जा सकती है?

वैश्विक खुशहाली रिपोर्ट में भारत के दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनने एवं औद्योगिक-तकनीकी क्रांति जैसे कुछ चमकीले परिदृश्य को ध्यान में नहीं रखा गया है, जिनकी अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, विश्व बैंक सहित दुनिया के कई संगठन अपने शोध पत्रों के आधार पर सराहना कर रहे हैं। भारत में मानव विकास के तहत गरीबी में कमी लाने के प्रयास को भारी सफलता मिली है। पिछले एक दशक में भारत में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं। भारत आम आदमी को डिजिटल दुनिया से जोड़ने वाला विश्व का प्रमुख देश बना है। सबसे अहम बात भारत की संस्कृति एवं सभ्यता में प्रसन्नता के मौलिक तत्व एवं गुण निहित है, जिनको अपनाकर दुनिया तनावमुक्त, प्रसन्न होती है। इसलिये प्रश्न है कि हमारी खुशी का पैमाना क्या हो? अधिकतर लोग छोटी-छोटी जरूरतें पूरी होने को ही खुशी मान लेते हैं। इससे उन्हें उस पल तो संतुष्टि मिल जाती है, उनका मन खिल जाता है। लेकिन यह खुशी ज्यादा देर नहीं टिकती, स्थायी नहीं होती। इच्छा पूरी होने के साथ ही उनकी खुशी भी कमजोर होने लगती है।

खुशहाली की रिसर्च में खुशहाली को राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्ध भौतिक सुविधाओं, संसाधनों से मापा जाता है। लेकिन खुशियां का दायरा इतना छोटा तो नहीं होता। प्रसन्न समाज निर्माण के सन्दर्भ में विकास की सार्थकता इस बात में है कि देश का आम नागरिक खुद को संतुष्ट और आशावान महसूस करे। स्वयं आर्थिक दृष्टि से सुदृढ़ बने, कम-से-कम कानूनी एवं प्रशासनिक औपचारिकताओं का सामना करना पड़े, तभी वह खुशहाल हो सकेगा। खुशहाल भारत को निर्मित करने के लिये आइये! अतीत को हम सीख बनायें। उन भूलों को न दोहरायें जिनसे हमारी रचनाधर्मिता जख्मी हुई है। जो सबूत बनी हैं हमारे असफल प्रयत्नों की, अधकचरी योजनाओं की, जल्दबाजी में लिये गये निर्णयों की, सही सोच और सही कर्म के अभाव में मिलने वाले अर्थहीन परिणामों की। एक सार्थक एवं सफल कोशिश करें खुशहाली को पहचानने की, पकड़ने की और पूर्णता से जी लेने की। अन्यथा नकारात्मक सोच के घनघोर अंधेरों के बीच तो चेहरे बुझे-बुझे ही रहेंगे। न कुछ जोश होगा न होश। अपने ही विचारों में खोए-खोए, निष्क्रिय और खाली-खाली से, निराश और नकारात्मक तथा ऊर्जा विहीन। हाँ सचमुच ऐसे लोग पूरी नींद लेने के बावजूद सुबह उठने पर खुद को थका महसूस करते हैं, कार्य के प्रति उनमें उत्साह नहीं होता। ऊर्जा का स्तर उनमें गिरावट पर होता है। ऐसे माहौल में व्यक्ति खुशहाल कैसे हो सकता?

यह समय की मांग है कि देश में करोड़ों लोगों की गरीबी, भूख, कुपोषण, डिजिटल शिक्षा, रोजगार, उद्यमिता, ग्रामीण युवाओं के तकनीकी प्रशिक्षण और स्वास्थ्य की चुनौतियों को कम करने के लिए, सरकार हरसंभव प्रयास करे। ऐसे प्रयासों से ही आम भारतीय के चेहरे पर मुस्कराहट बढ़ेगी, देश में खुशहाली आएगी। उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्र के नए मानव विकास सूचकांक में भारत की औसत बढ़त को दुनिया में सर्वश्रेष्ठ कहा है। पिछले एक वर्ष में भारतीयों की औसत आमदनी में 6.3 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। भारत में जीवन प्रत्याशा में शानदार वृद्धि हुई है। कुछ वर्ष पहले भारत में जीवन प्रत्याशा का औसत 62.2 था, जो अब बढ़कर 67.7 हो गया है। भारत ने लैंगिक असमानता को कम करने में भी सफलता पाई है। सरकार एवं सत्ताशीर्ष पर बैठे लोगों को निस्वार्थ होना जरूरी है। उनके निस्वार्थ होने पर ही आम आदमी के खुशहाली के रास्ते उद्घाटित हो सकते हैं। तभी आम आदमी को ऊर्जा एवं सकारात्मकता से समृद्ध किया जा सकता है, और तभी जीवन को आनंदित बनाया जा सकता है। यही आनन्द एवं खुशहाली समाज और राष्ट्र के लिए भी ज्यादा उपयोगी साबित हो सकती है। कामना हमें शुभ, सुखमय एवं खुशहाल जीवन की करनी होगी। लेकिन इसके लिये अवसरवादी, अनैतिक एवं गलत मूल्यों के खिलाफ आवाज भी तो उठानी ही होगी। अगर हमने कुछ लोगों को भी अपराध और भ्रष्टाचार के विरोध में जागृत कर सके तो हम खुशहाल जीवन के सपने को साकार कर सकेंगे। राजनीति की दूषित हवाओं ने भारत की चेतना को प्रदूषित कर दिया है। हम सरकार के बदलते चेहरों को देखने के अभ्यस्त हो गए हैं, सत्ता के गलियारों में स्वार्थों की धमाचौकड़ी ने ही आम आदमी की खुशियों को छीन लिया है। बुराइयां तभी छूटती है जब उनके गलत परिणामों का सही ज्ञान होता है और अच्छाइयां जीवन में स्थापित तभी पाती है जब उनके साथ निष्ठा, संकल्प एवं प्रयत्न की गतिशीलता और निरन्तरता जुड़ जाती है।

हर किसी की खुशी की अपनी परिभाषा होती है, या ऐसी चीजें जो उन्हें खुश करती हैं, यही वजह है कि इस दिन के लिए कोई परंपरा तय नहीं की गई है। खुशी का मतलब है संतुष्ट महसूस करना और अपनी भावनाओं को दिखावा न करना, इसलिए जो भी आपको खुश करता है, आप वही करें। धन, सुविधाएं या वैभव ही प्रसन्नता के माप नहीं है। आंतरिक रूप से खुश रहना, आपके आस-पास के माहौल से संतुष्ट होना ही प्रसन्न होने की कुंजी है, इसलिए खुद को चुनौती दें और नए लोगों और अनुभवों के लिए अपने दिल और दिमाग के दरवाजे खुले रखें। छोटी-छोटी चीजों को संजोएं और उस पल में हर चीज के लिए आभारी रहें, कृतज्ञता भाव को जीवंतता दें। मनुष्य सामाजिक प्राणी है। यदि आप अपने दोस्तों के साथ मिलकर कोई आयोजन करने में टाल-मटोल कर रहे हैं, या हाल ही में बाहर जाने से इनकार कर रहे हैं, तो इस प्रवृत्ति को बदलने का प्रयास करें। बाहर जाएँ, हँसें, मौज-मस्ती करें। मुस्कुराना और हँसना तनाव दूर करने के सबसे अच्छे तरीकों में से एक है, और सबसे अच्छी बात यह है कि ये मुफ्त हैं और इसी से वास्तविक प्रसन्नता अवतरित होती है।

# फिल्म छावा के प्रदर्शन से समाज में छत्रपति संभाजी के प्रति फैली जागरूकता!



अशोक भाटिया

नागपुर का खूबसूरत शहर, जो चमचमाती सीमेंट सड़कों और हरे-भरे पेड़ों के बीच से गुजरने वाली मेट्रो के साथ एक नया आकर्षण बन गया है, सोमवार रात को धार्मिक हिंसा से प्रभावित हुआ, मुगल सम्राट औरंगजेब की कब्र पर राज्यव्यापी विवाद के बाद सोशल मीडिया पर अफवाहें फैल गईं और सैकड़ों लोगों की भीड़ ने उन्हें आग लगा दी। पुलिस को निशाना बनाया गया। चार उपायुक्तों सहित लगभग पैंतीस कर्मी घायल हो गए। भीड़ इतनी हिंसक थी कि पुलिस उपायुक्त निकेतन कदम पर कुल्हाड़ी से वार किया गया। भीड़ को लाठीचार्ज और आंसू गैस का उपयोग करके नियंत्रित किया जाना था। अब हिंसा ने राजनीतिक दंगा शुरू कर दिया है। आरोप-प्रत्यारोप चल रहे हैं। वे जारी हैं और आगे भी जारी रहेंगे। सत्ताधारी और विपक्षी दल भी लोगों के जीवन-मरण के मुद्दों पर अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए ऐसे भावनात्मक और धार्मिक मुद्दों का सहारा लेकर अपने राजनीतिक बर्तन को जलाने की कोशिश करते हैं। आश्चर्य इस बात का भी है कि नागपुर में अचानक हुई हिंसा का क्या हुआ? मुंबई में महाराष्ट्र विधानमंडल के बजट सत्र के दौरान, 500 मुस्लिम युवाओं की भीड़ सड़कों पर आती है और चिल्लाती है, तोड़फोड़, आगजनी, पथराव, पुलिस को निशाना बनाना, पथराव करना और उन पर हमला करना, पथराव करना और पुलिस पर पेट्रोल बम फेंकना, तीन डिप्टी कमिश्नर सहित तैंतीस पुलिसकर्मियों को घायल करना। यह घटना नागपुर के स्वस्थ पर्यावरण के लिए एक झटका है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि नागपुर में हिंसा के लिए कौन जिम्मेदार है। पुलिस ने 100 से अधिक सामाजिक कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया है, लेकिन पिछले कुछ दिनों में राज्य में सत्तारूढ़ महायुति सरकार के खिलाफ नेताओं द्वारा दिए गए भड़काऊ भाषणों से पता चलता है कि हिंसा भड़की है।

दरअसल देखा जाय तो नागपुर, महाराष्ट्र की उप-राजधानी, एक शांतिप्रिय शहर है। नागपुर को एक शैक्षिक और सांस्कृतिक केंद्र के रूप में जाना जाता है। नागपुर के संतरे देश में लोकप्रिय हैं। ऑरेंज सिटी नागपुर की प्रतिष्ठा है। नागपुर के लोग स्वभाव से मीठे हैं और उनका वैदिक आतिथ्य भी गले लगा रहा है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, ये नागपुरवासी आज केंद्र और राज्य में सत्ता के उच्च पदों पर बैठे हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले नागपुर के प्रभारी मंत्री हैं। नागपुर एक शिक्षित और सुसंस्कृत शहर के रूप में जाना जाता है। हर साल, नागपुर समझौते के अनुसार, नागपुर में राज्य विधानमंडल का एक सत्र आयोजित किया जाता है।

फिल्म छावा पूरे देश में जोरों पर चल रही है। फिल्म छावा देखने के बाद छत्रपति संभाजी महाराज के लिए भक्ति, सम्मान और प्रेम हर किसी के मन में व्यक्त हो रहा है। और संभाजी महाराज पर अत्याचार करने वाले औरंगजेब के खिलाफ गुस्सा, नफरत और ईर्ष्या हर किसी के मन में जल रही है। महाराष्ट्र को औरंगजेब की कब्र की जरूरत क्यों है, जिसे बेरहमी से प्रताड़ित किया गया था? इस तरह की भावना हिंदुओं के मन में जोर पकड़ने लगी, जिससे संभाजीनगर से 25 किलोमीटर दूर औरंगजेब की कब्र को हटाने की मांग उठने लगी। भाजपा के विरोधी, विशेष रूप से महागठबंधन के राजनीतिक दल, लोगों की भावनाओं को ध्यान में रखे बिना औरंगजेब को भड़काने की कोशिश कर रहे थे।

यहीं से विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने पहल की और महाराष्ट्र से औरंगजेब की कब्रों को हटाने का अभियान शुरू किया। जब राज्य के मुख्यमंत्री और गृह मंत्री नागपुर से थे तो नागपुर में हिंसा कैसे हुई? नागपुर दंगों का मास्टरमाइंड कौन? नागपुर में दंगे की साजिश किसने रची? इससे कई सवाल खड़े हुए। मुख्यमंत्री के शहर में दंगों के कारण विपक्ष को सरकार की आलोचना करने का औजार मिल गया, लेकिन लगता है कि वे आसानी से भूल गए हैं कि दंगों के लिए विपक्षी नेता जिम्मेदार थे। नागपुर दंगे अगले दिन उम्मीद के मुताबिक विधानमंडल के दोनों सदनों में गूंज उठे। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विधानसभा में कहा।उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने विधान परिषद में सरकार का पक्ष रखते हुए विपक्ष के 'गैर जिम्मेदाराना व्यवहार' पर तंज कसा। कौन कहता है कि औरंगजेब क्रूर नहीं था? अबू आजमी को इस तरह के लापरवाह बयान देने के लिए विधानसभा द्वारा सत्र की अवधि के लिए निलंबित कर दिया गया है।

नए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष हर्षवर्धन सापकाल ने यह कहकर कला का दीप प्रज्वलित किया था कि औरंगजेब और देवेंद्र फडणवीस का करियर एक ही था। उबाथा सेना के विधायक अनिल परब ने बचकाना बयान दिया था कि उन्हें सदन में संभाजी महाराज की तरह प्रताड़ित किया गया था। संभाजी महाराज के साथ उनकी तुलना हास्यास्पद नहीं बल्कि निंदनीय है। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने सदन में यह सब उजागर किया। महाराष्ट्र समझ गया कि हर्षवर्धन सपकाल या अनिल परब कितने पाखंडी हैं। आप क्या यातना दे रहे थे, आपने मुकदमा चलाने के बाद एक लोटांगन लगाया था, इस मामले से छुटकारा पाने के बाद, आप अपने नेता की तरह उल्टा हो गए, एकनाथ शिंदे ने कहा।

महाराष्ट्र से औरंगजेब की कब्र को हटाने के लिए राज्य के हर शहर और गांव से मांग की जा रही है। नागपुर में, विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने औरंगजेब की छवि जला दी और अपना गुस्सा व्यक्त किया। तब पुलिस ने शांति बनाई थी। लेकिन अचानक रात में मुसलमानों की एक बड़ी भीड़ हाथों में लाठी, लाठी, पत्थर, तलवार लेकर बाहर आती है और तोड़फोड़ और आगजनी शुरू कर देती है। यह कोई संयोग नहीं है कि उस समय वहां कोई वाहन नहीं था। यह सबसे गंभीर बात थी कि भीड़ ने वदीधारी पुलिसकर्मियों को निशाना बनाया। विपक्ष इस बारे में एक शब्द कहने को तैयार नहीं है कि कितने पुलिसकर्मी घायल हुए, कितने पुलिस के सिर तोड़े गए, कितने लोगों के हाथ-पैर टूटे। उन्होंने जोर देकर कहा कि उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। समाज की रक्षा के लिए जिम्मेदार लोगों पर पेट्रोल बम और पत्थर फेंकना बहुत गंभीर है। मुख्यमंत्री ने खुद वीडियो फोन पर घायल पुलिसकर्मियों से संपर्क किया, दंगाइयों से निपटने के लिए उनकी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि सरकार उनके साथ है और उन्हें नैतिक मजबूती दी और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। नागपुर दंगों को भुनाकर महायुति सरकार को बदनाम करने की महागठबंधन की योजना अच्छी तरह से विफल रही, लेकिन उन पर उल्टा पड़ गया।

वास्तव में, एक-दूसरे को दोष देने के बजाय, हमें यह पता लगाना चाहिए कि चार वरिष्ठ अधिकारियों सहित बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों के घायल होने के साथ क्या गलत हुआ, और यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि ऐसी घटनाएं फिर से न हों। महाराष्ट्र की राजधानी नागपुर में इस तरह के धार्मिक दंगों का न तो कोई इतिहास है और न ही विरासत है। नागपुर पिछले 100 वर्षों में अपेक्षाकृत शांत था, 1927 या 1967 को छोड़कर। शहर में इस तरह के दंगे कभी नहीं हुए। यह इस शहर की धार्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और वैचारिक विविधता के कारण है। नागपुर की भौगोलिक स्थिति के अनुसार नागपुरकर भोसले का अवध, बंगाल में राज्य का विस्तार और बाद में अंग्रेजों ने कमाठीपुरा के सैन्य शिविर पर धावा बोल दिया, देश के मलयालम, तमिल, उड़िया, बंगाली, आदि।उत्तर भारतीय जैसे समाज के सभी वर्ग पीढ़ियों से बढ़ रहे हैं। यह सामंजस्य शहर के अनूठे त्योहारों और रीति-रिवाजों और परंपराओं में परिलक्षित होता है, जिन्हें बाबा ताजुद्दीन के नाम से जाना जाता है, जो उस आस्था की एक विशेष विशेषता है।

पास के वर्धा-सेवाग्राम या पवनार के रूप में, यह क्षेत्र महात्मा गांधी की अहिंसा का घर है। इसके त्योहार इतिहास का प्रतीक हैं। होली के अवसर पर मारबत जुलूस एक सुंदर उदाहरण है। शहर वैचारिक विविधता को भी संरक्षित करता है। यह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का जन्मस्थान है, जो इस वर्ष अपनी शताब्दी मना रहा है, और यह दीक्षा भूमि भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर के धम्मचक्र की ऐतिहासिक घटना के कारण है। इसने एक-दूसरे के पूरक भी बने और देश और दुनिया के सामने भारतीय विविधता का एक आदर्श उदाहरण पेश किया। नागपुर के लोग मुक्त-उत्साही हैं। नागपुरी या वैदिक आतिथ्य इसकी विशेष विशेषता है। यह पेट में समान रूप से खुले और समान रूप से टकराव की प्रकृति वाला शहर है। हाल के वर्षों में, नागपुर देश का सबसे तेजी से बढ़ता शहर बन गया है।

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी जो इस गति के नेता हैं उन्होंने बुनियादी ढांचा तैयार किया गया है, मेट्रो नेटवर्क का विस्तार हो रहा है। नागपुर के कंधों पर फ्लाईओवरों की नक्काशीदार नासमझ खेल रही है। यहां हवाई अड्डे को वास्तव में अंतरराष्ट्रीय चरित्र मिल रहा है। यह विकास आसपास के जिलों से भी तेज हो रहा है। इस स्तर पर, धार्मिक हिंसा हो रही है।चुप रहना अच्छा संकेत नहीं है। नागपुर के चौपर विकास को इस तरह की हिंसा का सामना नहीं करना चाहिए। क्योंकि ऐसी घटनाओं के परिणाम दूरगामी होते हैं। किसी भी शहर या क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास, निवेश और रोजगार सृजन और विकास के लिए शांति और कानून व्यवस्था एक महत्वपूर्ण आवश्यकता है। ऐसा मोड़ नागपुर या विदर्भ, मध्य भारत द्वारा वहन नहीं किया जा सकता है ।

# मिशन-2027 की तैयारी बीजेपी यूपी में नया चेहरा लाने की तैयारी



-अजय कुमार

उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव भले ही दो साल बाद होने वाले हों, लेकिन भारतीय जनता पार्टी ने अभी से अपनी रणनीति पर काम करना शुरू कर दिया है। 2024 के लोकसभा चुनावों में उत्तर प्रदेश में बीजेपी की सीटों में आई कमी ने पार्टी नेतृत्व को सोचने पर मजबूर कर दिया है कि आखिर राज्य में जनाधार कैसे मजबूत किया जाए और 2027 में सत्ता की हैट्रिक कैसे बनाई जाए। इसी को ध्यान में रखते हुए बीजेपी संगठन में बड़े बदलाव की तैयारी कर रही है। हाल ही में 70 जिला और महानगर अध्यक्षों के नामों की घोषणा के बाद अब प्रदेश अध्यक्ष के चयन पर मंथन शुरू हो चुका है। पार्टी मौजूदा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी की जगह ऐसे चेहरे की तलाश कर रही है, जो न केवल संगठन को मजबूत कर सके, बल्कि 2027 के विधानसभा चुनाव में पार्टी की जीत की राह भी आसान बना सके। बीजेपी के संविधान के अनुसार, प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव तब किया जा सकता है जब 50 प्रतिशत से अधिक जिलाध्यक्षों की नियुक्ति हो चुकी हो। इस बार 71 प्रतिशत से अधिक जिलाध्यक्षों की नियुक्ति हो चुकी है, जिससे प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव का रास्ता साफ हो गया है। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल को उत्तर प्रदेश में अध्यक्ष चुनाव के लिए चुनाव अधिकारी बनाया गया है और वे जल्द ही लखनऊ का दौरा कर सकते हैं। पार्टी का पूरा ध्यान ऐसे नेता को प्रदेश अध्यक्ष बनाने पर है, जो पार्टी संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के साथ ही केंद्र और राज्य सरकार के बीच बेहतर तालमेल स्थापित कर सके।

उत्तर प्रदेश की सियासी तस्वीर को देखें तो बीजेपी ने 2017 और 2022 के विधानसभा चुनाव ओबीसी वर्ग से आने वाले नेताओं की अगुवाई में लड़े थे। 2017 में केशव प्रसाद मौर्य और 2022 में स्वतंत्र देव सिंह को प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया था और दोनों चुनावों में पार्टी को प्रचंड बहुमत मिला था। इसी वजह से माना जा रहा है कि इस बार भी पार्टी किसी ओबीसी या ब्राह्मण चेहरे को प्रदेश अध्यक्ष बना सकती है। यह इसलिए भी जरूरी हो गया है क्योंकि लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी ने पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक (पीडीए) गठजोड़ के सहारे बीजेपी को तगड़ी चुनौती दी थी और कई सीटों पर बढ़त हासिल की थी।

उत्तर प्रदेश में जातीय समीकरण का राजनीति पर गहरा असर पड़ता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ठाकुर समुदाय से आते हैं और पूर्वांचल में उनकी गहरी पकड़ है। ऐसे में बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष के रूप में किसी अन्य जातीय समूह के नेता को सामने लाकर संतुलन बनाने की कोशिश करेगी। चर्चा में आए संभावित नामों में पशुपालन मंत्री धर्मपाल सिंह, केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, पूर्व सांसद हरीश द्विवेदी और पूर्व उपमुख्यमंत्री दिनेश शर्मा शामिल हैं। इनमें से धर्मपाल सिंह और बीएल वर्मा ओबीसी समुदाय से आते हैं, जबकि दिनेश शर्मा ब्राह्मण समुदाय का प्रतिनिधित्व करते हैं।

बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष का चयन सिर्फ जातीय समीकरण तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें संगठनात्मक कुशलता भी एक महत्वपूर्ण कारक है। 2027 का चुनाव बीजेपी के लिए बेहद अहम है, क्योंकि पार्टी को लगातार तीसरी बार सत्ता में आने के लिए विपक्ष के मजबूत गठबंधन से मुकाबला करना होगा। समाजवादी पार्टी, कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल राज्य में बीजेपी के खिलाफ एकजुट होने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसे में पार्टी को ऐसे प्रदेश अध्यक्ष की जरूरत है, जो चुनावी रणनीति को सही दिशा में ले जा सके और पार्टी कार्यकर्ताओं को सक्रिय कर सके।

प्रदेश अध्यक्ष के रूप में ऐसा चेहरा तलाशा जा रहा है, जो सरकार और संगठन के बीच संतुलन बनाए रख सके। पिछले कुछ वर्षों में संगठन और सरकार के बीच सामंजस्य को लेकर कई बार सवाल उठे हैं। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने भी कई बार यह बयान दिया कि संगठन सरकार से बड़ा है और कार्यकर्ताओं की आवाज सुनी जानी चाहिए। कार्यकर्ताओं के बीच यह धारणा बनी थी कि योगी सरकार में उनकी सुनवाई कम हो रही है और नौकरशाही का दखल बढ़ गया है। ऐसे में बीजेपी को ऐसे नेता की जरूरत है, जो न केवल संगठन को मजबूत करे, बल्कि सरकार और संगठन के बीच किसी भी तरह के टकराव को भी रोके।

प्रदेश अध्यक्ष के चयन में दिल्ली और लखनऊ के बीच संतुलन भी एक महत्वपूर्ण कारक है। बीजेपी का केंद्रीय नेतृत्व चाहता है कि प्रदेश अध्यक्ष ऐसा हो, जो केंद्रीय नेतृत्व के निर्देशों को समझे और उन पर अमल करे, लेकिन साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ भी अच्छे तालमेल के साथ काम करे। इससे पहले स्वतंत्र देव सिंह को प्रदेश अध्यक्ष इसलिए बनाया गया था क्योंकि उनका योगी सरकार के साथ अच्छा तालमेल था। लेकिन भूपेंद्र चौधरी के कार्यकाल में संगठन और सरकार के बीच सामंजस्य को लेकर कई बार सवाल उठे। इसीलिए नए प्रदेश अध्यक्ष के रूप में किसी ऐसे नेता की तलाश की जा रही है, जो सत्ता और संगठन के बीच बेहतर तालमेल बिठा सके और कार्यकर्ताओं को सक्रिय कर सके। बीजेपी के रणनीतिकारों का मानना है कि 2027 के चुनाव में पार्टी को नए तरीके से रणनीति बनानी होगी। 2017 और 2022 में पार्टी ने विकास और हिंदुत्व के मुद्दे को लेकर चुनाव लड़ा था, लेकिन 2024 के लोकसभा चुनावों में बीजेपी को झटका लगा क्योंकि विपक्ष ने जातीय समीकरणों को अपने पक्ष में कर लिया था। ऐसे में 2027 के चुनाव में बीजेपी को सामाजिक समीकरणों को ध्यान में रखते हुए काम करना होगा। इसके लिए प्रदेश अध्यक्ष की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होगी, क्योंकि वही चुनावी रणनीति को जमीन पर लागू कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

प्रदेश अध्यक्ष का एक और महत्वपूर्ण दायित्व उम्मीदवारों के चयन की प्रक्रिया को सुचारू बनाना होगा। उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव के दौरान टिकट बंटवारे को लेकर अक्सर असंतोष देखने को मिलता है। 2022 के विधानसभा चुनाव में भी कई सीटों पर गलत उम्मीदवारों के चयन की वजह से पार्टी को नुकसान उठाना पड़ा था। ऐसे में बीजेपी को ऐसा प्रदेश अध्यक्ष चाहिए, जो न केवल मजबूत संगठनकर्ता हो, बल्कि टिकट बंटवारे में भी निष्पक्षता और संतुलन बनाए रख सके। प्रदेश अध्यक्ष के चयन के बाद बीजेपी पूरी तरह से मिशन-2027 में जुट जाएगी। पार्टी का मुख्य लक्ष्य अपने कोर वोट बैंक को मजबूत करने के साथ ही नए वोटरों को भी जोड़ना होगा। इसके लिए बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करना पड़ेगा और जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं को सक्रिय करना होगा। बीजेपी की कोशिश है कि नया प्रदेश अध्यक्ष ऐसा हो, जो पूरी ऊर्जा के साथ पार्टी को चुनावी मोड में ला सके और कार्यकर्ताओं को जीत के लिए प्रेरित कर सके। अभी तक बीजेपी के भीतर इस मुद्दे पर गहन मंथन चल रहा है और जल्द ही नए प्रदेश अध्यक्ष के नाम की घोषणा हो सकती है। यह देखना दिलचस्प होगा कि बीजेपी किस चेहरे पर दांव लगाती है और वह चेहरा पार्टी को 2027 में सत्ता की हैट्रिक दिलाने में कितना सफल होता है।

# धरती पर लौटीं सुनीता विलियम्स: एक ऐतिहासिक वापसी



-डॉ सत्यवान सौरभ

**सुनीता विलियम्स की उपलब्धियाँ न केवल भारतीय वैज्ञानिकों बल्कि देश के युवाओं के लिए भी प्रेरणा का स्रोत हैं।**

नासा की अनुभवी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और उनके साथी बुच विल्मोर, जो पिछले नौ महीने से अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (ISS) पर थे, आज सफलतापूर्वक धरती पर लौट आए हैं। स्पेसएक्स के ड्रैगन कैप्सूल की मदद से उन्होंने मेक्सिको की खाड़ी में सुरक्षित लैंडिंग की। सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर जून 2024 में बोइंग के स्टारलाइनर के साथ परीक्षण उड़ान के लिए अंतरिक्ष में गए थे। हालांकि, स्टारलाइनर में तकनीकी खामी के कारण उनकी वापसी में देरी हुई, जिससे वे नौ महीने तक ISS पर रहे। उनकी वापसी के लिए स्पेसएक्स का क्रू-10 मिशन लॉन्च किया गया था, जिसने सफलतापूर्वक उन्हें धरती पर वापस लाया। वापसी के बाद, दोनों अंतरिक्ष यात्रियों को स्ट्रेचर पर ले जाया गया, जो लंबे समय तक भारहीनता में रहने के बाद सामान्य प्रक्रिया है। यह मिशन न केवल तकनीकी दृष्टि से महत्त्वपूर्ण रहा, बल्कि इससे वैज्ञानिकों को अंतरिक्ष में लंबे समय तक रहने के प्रभावों को समझने में भी मदद मिलेगी। इससे नासा और अन्य अंतरिक्ष एजेंसियों को भविष्य के गहरे अंतरिक्ष अभियानों, जैसे कि मंगल पर मानव मिशन की योजना बनाने में सहायता मिलेगी। सुनीता विलियम्स की यह वापसी अंतरिक्ष अन्वेषण के क्षेत्र में एक महत्त्वपूर्ण उपलब्धि है। यह मिशन भविष्य के अंतरिक्ष अभियानों के लिए मूल्यवान डेटा प्रदान करेगा और अंतरिक्ष यान तकनीक के सुधार में सहायक सिद्ध होगा।

सुनीता विलियम्स और उनके जैसे अनुभवी अंतरिक्ष यात्री भविष्य के चंद्र और मंगल अभियानों में अहम भूमिका निभा सकते हैं। नासा और अन्य स्पेस एजेंसियाँ अब दीर्घकालिक अंतरिक्ष मिशनों की तैयारी कर रही हैं, जिनमें अंतरिक्ष में रहने के नए तरीके, कृत्रिम गुरुत्वाकर्षण की संभावनाएँ और अंतरिक्ष यात्रियों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों को कम करने की रणनीतियाँ शामिल हैं। इसके अलावा, स्टारलाइनर जैसी तकनीकों में सुधार कर, अंतरिक्ष अन्वेषण को अधिक सुरक्षित और कुशल बनाया जाएगा। अंतरिक्ष में मानव उपस्थिति को और विस्तारित करने के लिए वैज्ञानिक शोध जारी रहेंगे, जिससे भविष्य में मंगल और उससे आगे की यात्राएँ संभव हो सकेंगी। सुनीता विलियम्स भारतीय मूल की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री हैं, जिनका भारत से गहरा जुड़ाव रहा है। उनके पिता भारतीय मूल के हैं और उन्होंने कई बार भारत के प्रति अपने प्रेम को व्यक्त किया है। भारत में अंतरिक्ष विज्ञान और अनुसंधान की बढ़ती उपलब्धियों के बीच, सुनीता विलियम्स एक प्रेरणास्रोत बनी हुई हैं। इसरो (क्रफ्ड) भी अब मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम, गगनयान, की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है। इसरो ने हाल ही में गगनयान के लिए प्रमुख परीक्षण पूरे किए हैं और आने वाले वर्षों में भारत के पहले मानव अंतरिक्ष मिशन को लॉन्च करने की योजना बना रहा है।

सुनीता विलियम्स की उपलब्धियाँ न केवल भारतीय वैज्ञानिकों बल्कि देश के युवाओं के लिए भी प्रेरणा का स्रोत हैं। उनकी सफलता यह दिखाती है कि भारतीय मूल के लोग वैश्विक वैज्ञानिक समुदाय में महत्त्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। भविष्य में, इसरो और नासा के बीच सहयोग बढ़ सकता है, जिससे भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम को और मजबूती मिलेगी। सुनीता विलियम्स न केवल एक उत्कृष्ट अंतरिक्ष यात्री हैं, बल्कि एक प्रेरणादायक व्यक्तित्व भी हैं। उनका सफर यह दशार्ता है कि कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प और विज्ञान के प्रति जुनून कैसे किसी को नई ऊंचाइयों तक पहुँचा सकता है। उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं और युवा वैज्ञानिकों को प्रेरित किया है कि वे अंतरिक्ष अनुसंधान और विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ें। उन्होंने कई मौकों पर भारतीय छात्रों और युवाओं से संवाद किया है और उन्हें वैज्ञानिक क्षेत्रों में करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित किया है। उनके अनुभव और उपलब्धियाँ न केवल अंतरिक्ष क्षेत्र बल्कि विज्ञान और तकनीक में रुचि रखने वाले प्रत्येक व्यक्ति के लिए एक प्रेरणा हैं। उनकी कहानी यह संदेश देती है कि सीमाएँ केवल मानसिकता में होती हैं और यदि कोई लक्ष्य निर्धारित किया जाए, तो उसे प्राप्त किया जा सकता है।

**सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर की धरती पर सुरक्षित वापसी एक बड़ी वैज्ञानिक उपलब्धि मानी जा रही है। वे जून 2024 में बोइंग के ₹स्टारलाइनर₹ मिशन के तहत अंतरिक्ष गए थे, लेकिन तकनीकी खामियों के चलते उनकी वापसी में नौ महीने की देरी हुई। इस कारण वे अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (क्रर) पर लंबे समय तक रुके रहे। यह मिशन न केवल तकनीकी दृष्टिकोण से महत्त्वपूर्ण था, बल्कि अंतरिक्ष में लंबे समय तक रहने के प्रभावों को समझने में भी सहायक होगा। उनकी सुरक्षित वापसी से भविष्य में अंतरिक्ष अभियानों के लिए नई संभावनाएँ खुलेंगी। इससे नासा और बोइंग को स्टारलाइनर की खामियों को सुधारने का मौका मिलेगा। उनके अनुभव और उपलब्धियाँ न केवल अंतरिक्ष क्षेत्र बल्कि विज्ञान और तकनीक में रुचि रखने वाले प्रत्येक व्यक्ति के लिए एक प्रेरणा हैं। उनकी कहानी यह संदेश देती है कि सीमाएँ केवल मानसिकता में होती हैं और यदि कोई लक्ष्य निर्धारित किया जाए, तो उसे प्राप्त किया जा सकता है।**

सुनीता विलियम्स और उनके जैसे अनुभवी अंतरिक्ष यात्री भविष्य के चंद्र और मंगल अभियानों में अहम भूमिका निभा सकते हैं। नासा और अन्य स्पेस एजेंसियाँ अब दीर्घकालिक अंतरिक्ष मिशनों की तैयारी कर रही हैं, जिनमें अंतरिक्ष में रहने के नए तरीके, कृत्रिम गुरुत्वाकर्षण की संभावनाएँ और अंतरिक्ष यात्रियों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों को कम करने की रणनीतियाँ शामिल हैं। इसके अलावा, स्टारलाइनर जैसी तकनीकों में सुधार कर, अंतरिक्ष अन्वेषण को अधिक सुरक्षित और कुशल बनाया जाएगा। अंतरिक्ष में मानव उपस्थिति को और विस्तारित करने के लिए वैज्ञानिक शोध जारी रहेंगे, जिससे भविष्य में मंगल और उससे आगे की यात्राएँ संभव हो सकेंगी। सुनीता विलियम्स की यह वापसी अंतरिक्ष अन्वेषण के क्षेत्र में एक महत्त्वपूर्ण उपलब्धि है। यह मिशन भविष्य के अंतरिक्ष अभियानों के लिए मूल्यवान डेटा प्रदान करेगा और अंतरिक्ष यान तकनीक के सुधार में सहायक सिद्ध होगा। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुनीता विलियम्स की सफल वापसी पर बधाई दी और उनके साहस तथा समर्पण की सराहना की। उन्होंने कहा कि सुनीता विलियम्स न केवल भारतीय मूल के लोगों के लिए गर्व का विषय हैं, बल्कि पूरे विश्व के लिए प्रेरणास्रोत हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी कहा कि उनका यह मिशन भारत के अंतरिक्ष वैज्ञानिकों और युवाओं के लिए एक प्रेरणा है, जो अंतरिक्ष में नई ऊंचाइयों को छूने का सपना देखते हैं।

# कल्याण-डोंबिवली में 65 इमारतों में से कोई भी निवासी बेघर नहीं रहेगा- भाजपा कार्यकारी अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण

**डोंबिवली (उत्तरशक्ति)।** बीजेपी के कार्यकारी अध्यक्ष और विधायक रवींद्र चव्हाण ने आज कड़ा रुख अपनाते हुवे कहा कि कल्याण-डोंबिवली की 65 इमारतों के एक भी निवासी को बेघर नहीं किया जाएगा और सभी निवासियों को सरकार के हाथों न्याय मिलेगा. इस महत्वपूर्ण मुद्दे के अनुरूप, मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस की अध्यक्षता में, सभी चार विभागों के संबंधित अधिकारियों की एक संयुक्त बैठक अगले चार दिनों में आयोजित की जाएगी और राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने आश्वासन दिया कि आज मंत्रालय में आयोजित बैठक में इस मुद्दे पर सकारात्मक समाधान निकाला जाएगा।

कल्याण डोंबिवली नगर निगम क्षेत्र में 65 इमारतों के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक आज राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले की अध्यक्षता में मंत्रालय में आयोजित की गई। इस बैठक में रवींद्र चव्हाण, विधायक निरंजन डावखरे, विधायक ज्ञानेश्वर म्हात्रे समेत विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद थे. साथ ही कल्याण डोंबिवली नगर निगम के आयुक्त, ठाणे, रायगढ़, पालघर और मुंबई शहर के कलेक्टर वीसी के माध्यम से उपस्थित थे।

इस मौके पर अपनी स्थिति स्पष्ट करते हुए रवींद्र चव्हाण ने कहा कि इस 65 बिल्डिंग के एक भी निवासी



को बेघर नहीं होने दिया जाएगा. यह मामला गंभीर है, इसलिए कल्याण डोंबिवली आयुक्त, शहरी विकास विभाग, कलेक्टर और महरेरा चारों विभागों से संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की जाए और इस मामले के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की जाए। इस मामले को निपटाने में इसे विशेष मामले के तौर पर निपटाया जाना चाहिए. साथ ही, रवींद्र चव्हाण ने मांग की कि सरकार को इन हजारों निवासियों को न्याय दिलाने के लिए सकारात्मक रास्ता अपनाना चाहिए.65 इमारतों के निवासियों के घर उनके असली हकदार हैं। इनमें से कुछ परिवारों ने पैसे इकट्ठा करके और कुछ ने बैंक से होम लोन लेकर ये घर खरीदे हैं, इसलिए इन हजारों निवासियों के सिर पर छत बरकरार रहनी चाहिए, रवींद्र चव्हाण ने कहा कि इसी तरह का मुद्दा उल्हासनगर में भी उठाया गया था, लेकिन उस समय सरकार के सामने कानूनी रास्ता अपनाया गया था. इसलिए इस मामले में भी उल्हासनगर पैटर्न की तरह कोई सकारात्मक समाधान निकाला जाना चाहिए। इन 65 इमारतों के अलावा, कल्याण डोंबिवली में कुछ अन्य इमारतों के मुद्दे पर अग्यार समिति की रिपोर्ट को सकारात्मक दृष्टिकोण से लिया जाना चाहिए और उन निवासियों को न्याय दिया जाना चाहिए, यह भी रवींद्र चव्हाण ने बताया। इस संबंध में राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने बताया कि अगले चार दिनों में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में चारों विभागों के अधिकारियों की बैठक आयोजित की जायेगी. इस बैठक में विभाग के अधिकारियों को 65 भवनों के मुद्दे पर सकारात्मक रुख अपनाने के लिए एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करनी चाहिए और उसके अनुसार एक प्रस्ताव तैयार किया जाना चाहिए. राजस्व मंत्री बावनकुले ने भी आश्वासन दिया कि इस मुद्दे को कैबिनेट बैठक में उठाया जायेगा.

## रामाबाई ट्रांजीट कैंप के रहिवासी परिसर मे फैली गंदगी व कचरे के ढेर के कारण बीमारी फैलने की आशंका



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** एक तरफ केंद्र तथा राज्य सरकार संपूर्ण देश में स्वच्छ भारत अभियान चलाए हुए है वहीं दूसरी ओर घाटकोपर पूर्व के रमाबाई कॉलोनी में स्थित जॉय मैक्स स्कूल के समीप ट्रांजिट कैंप रहिवासी इलाके में कचरे का अंबार लगा हुआ है।जिसके कारण गर्मी के इस मौसम में यहां बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है। बता दें कि स्थानीय नागरिकों द्वारा इस बारे में मनपा एन वार्ड में अनेक बार लिखित शिकायत की जा चुकी है ।इसके बाद भी मनपा अधिकारियों के कानों पर जू तक नहीं रेंग रही है।

## महाविद्यालय में स्टार्टअप क्लिनिक के अंतर्गत मार्गदर्शन शिविर का आयोजन

**कल्याण।** कमलादेवी कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड कॉमर्स महाविद्यालय में स्टार्टअप क्लिनिक के अंतर्गत मार्गदर्शन शिविर का आयोजन किया, जिसमें आरपीपीएल, बीआईएस, बीआरएस, एसआरएफ ग्रुप कंपनियों के संस्थापक और अध्यक्ष व्रिजेश पांडे और प्रियेश पांडे ने मार्गदर्शन किया। इस कार्यक्रम में सभी शाखाओं स्नातक छात्रों ने भाग लिया और उन्हें व्यवसाय में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया गया ।व्रिजेश पांडे और प्रियेश पांडे ने छात्रों को उद्यमिता की दुनिया में प्रवेश करने और अपने व्यवसायिक सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने छात्रों को अपने विचारों को वास्तविकता में बदलने और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया |इस शिविर का उद्देश्य छात्रों को उद्यमिता की दुनिया में प्रवेश करने और अपने व्यवसायिक सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित करना था। कमलादेवी कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड कॉमर्स ने इस शिविर को आयोजित करके छात्रों को उद्यमिता की दुनिया में प्रवेश करने के लिए प्रेरित करने का एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। महाविद्यालय व्यवस्थापन की तरफ से संस्था के अध्यक्ष सदानंद तिवारी ने उनका आभार व्यक्त किया और बच्चों को उद्यमिता क्षेत्र में अपना भविष्य बनाने के लिए मार्गदर्शन तथा शुभकामनाएं दीं। सम्पूर्ण कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सिम्मी सिंह के मार्गदर्शन में संचालित हुआ जिसमें महाविद्यालय विभिन्न विभिन्न शाखाओं के १०० से अधिक छात्रों ने भाग लिया।

## हटसन एग्रो प्रॉडक्ट लिमिटेड ने 4000वां HAP डेली आउटलेट खोल कर रिटेल के क्षेत्र में अपनी स्थिति और अधिक मजबूत की

**मुंबई।** हटसन एग्रो प्रॉडक्ट लिमिटेड, जो कि भारत की अग्रणी निजी क्षेत्र की डेयरी कंपनी है, ने आंध्र प्रदेश के भीमावरम में अपना 4000वां HAP डेली आउटलेट खोला है। यह उपलब्धि उपभोक्ताओं को ताजा और उच्च गुणवत्ता वाले डेयरी उत्पाद उपलब्ध कराने की कंपनी की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। कंपनी का उद्देश्य अरुण आइसक्रीम्स, अरोक्य, हटसन और हैनोबार सहित विभिन्न ब्रांड्स के माध्यम से रिटेल क्षेत्र में अपनी स्थिति मजबूत करना है और ल्डअढ डेली एक्सक्लूसिव स्टोर्स इसी रणनीति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। इन स्टोर्स में आइसक्रीम, ताजा दूध, दही, छाछ, पनीर, योगर्ट, जूस, चॉकलेट, मक्खन आदि उत्पाद रिटेल में बेचे जाएंगे। उपभोक्ताओं को सीधे बिक्री करने के अलावा, HAP डेली आउटलेट अपने आसपास स्थित रिटेल दुकानों में भी इन उत्पादों की आपूर्ति करके ब्रांड की पहुंच को बढ़ाने में योगदान देंगे। 4000वें HAP डेली आउटलेट के उद्घाटन के अवसर पर बोलते हुए हटसन एग्रो प्रॉडॅक्ट लिमिटेड के चेयरमैन, श्री आर.जी. चंद्र मोगन ने कहा, आंध्र प्रदेश के भीमावरम में हमारे 4000वें ल्डअढ डेली एक्सक्लूसिव आउटलेट का उद्घाटन उपभोक्ताओं को ताजा और उच्च गुणवत्ता वाले डेयरी उत्पाद सहज रूप से उपलब्ध कराने की दिशा में कंपनी की यात्रा में एक अहम मील का पत्थर है। हटसन एग्रो का लक्ष्य हमेशा से न केवल डेयरी किसानों और फ्रेंचाइजी भागीदारों के लिए नए अवसरों का सृजन करना रहा है, बल्कि उच्च गुणवत्ता वाले नए उत्पाद विकसित कर उन्हें आसानी से उपलब्ध कराना भी रहा है। हम इस आधुनिक रिटेल फॉर्मेट के माध्यम से अपनी उपस्थिति को निरंतर विस्तार देने, अपने डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क को सशक्त बनाने और ग्राहकों को बेहतरीन अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। बाजार में अपनी पकड़ को और मजबूत करने के लिए, हटसन एग्रो ने डेयरी और आइसक्रीम उत्पादों की बढ़ती मांग को पूरा करने, प्रमुख बाजारों में अपने डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क को सशक्त बनाने और डेयरी से जुड़ी अनूठी पेशकशों के माध्यम से अपने उत्पाद पोर्टफोलियो का विस्तार करने के उद्देश्य से अपनी प्रोसेसिंग क्षमताओं को बढ़ाने के लिए रणनीतिक अधिग्रहण किए हैं। अरुण आइसक्रीम, हटसन एग्रो का एक प्रमुख फ्लैगशिप ब्रांड है, जिसे ल्डअढ से पूरे भारत में प्रतिदिन वितरित किया जाता है और 6 देशों (सिंगापुर, सेशेल्स, मालदीव, ब्रुनेई, संयुक्त अरब अमीरात - अजमान, और मॉरीशस) में निर्यात किया जाता है, जिससे इसकी वैश्विक उपस्थिति और भी मजबूत होती है।

## एटलस कोप्को ग्रुप ने पुणे में नई अत्याधुनिक फैक्ट्री का शुभारंभ

**पुणे।** एटलस कोप्को ग्रुप ने पुणे के तलेगांव में अपनी नई उत्पादन इकाई की शुरूआत की है। लगभग 2,70,000 वर्ग फुट में फैली यह अत्याधुनिक फैक्ट्री वायु और गैस कंप्रेसर के साथ-साथ संपीड़ित प्राकृतिक गैस (सीएनजी), बायोगैस, हाइड्रोजन कंप्रेसर, एयर ड्रायर, नाइट्रोजन और ऑक्सीजन जनरेटर, चिकित्सा क्षेत्र में उपयोग होने वाले फि ल्टर और अन्य सहायक उपकरणों का निर्माण करेगी। इस फैक्ट्री की घोषणा वर्ष 2023 में की गई थी और यह नए समाधान विकसित करने की समूह की प्रतिबद्धता को और मजबूत करती है।

यहां से स्थानीय बाजार की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों की आपूर्ति की जाएगी। यह फैक्ट्री नवीनतम औद्योगिक मानकों पर आधारित है और आधुनिक उत्पादन तकनीकों तथा पर्यावरणीय अनुकूलता को ध्यान में रखकर बनाई गई है। इसके संचालन के लिए आवश्यक कुल ऊर्जा का लगभग 80 प्रतिशत हिस्सा 1.3 मेगावाट की सौर ऊर्जा प्रणाली और ग्रिड आपूर्ति से प्राप्त किया जाएगा। इस परिसर में वर्षा जल संचयन की सुविधा और उन्नत शीतलन प्रणाली भी मौजूद है। एटलस कोप्को ग्रुप अनुसंधान और विकास पर विशेष ध्यान देता है, इसलिए इस फैक्ट्री को वर्तमान और भविष्य की उत्पादन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए उन्नत परीक्षण सुविधाओं से लैस किया गया है। इस फैक्ट्री को आईएसओ 9001, आईएसओ 45001, आईएसओ 14001 और आईएसओ 50001 प्रमाणन प्राप्त हैं, जो गुणवत्ता, सुरक्षा, पर्यावरण और ऊर्जा दक्षता के उच्चतम मानकों को सुनिश्चित करते हैं।

## अनंत श्री विभूषित जगतगुरु श्री की सिद्ध पादुका का दर्शन पूजन कार्यक्रम का भव्य आयोजन आज

**पालघर(उत्तरशक्ति)।** अनंत श्री विभूषित जगद्गुरु रामानंदाचार्य श्री स्वामी नरेंद्राचार्यजी महाराज, जगद्गुरु रामानंदाचार्य दक्षिण पीठ, नाणीजधाम (महाराष्ट्र) की सिद्ध पावन पादुका का आगमन व दर्शन पूजन कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार 20 मार्च 2025 को सुबह 10 बजे पालघर जिले के सफाले (पू.), नारोडा, तांदुलवाडी रोड, जिला परिषद मराठी विद्यालय नं.1 के बगल, इंद्रप्रस्थ कॉम्पलेक्स के सामने स्थित मैदान में भव्यता दिव्यता के साथ किया जायेगा। कार्यक्रम में सर्व प्रथम ढोल ताशा की ध्वनि, टाल मृदंग की गर्जना, वारकरी भजनों का नामघोष करते, सांस्कृतिक कला पथक के साथ, मंगल कलशधारी सुहासिनी की भक्तिभाव के साथ भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम के दौरान शैक्षणिक उपक्रम के अंतर्गत




दूरदर्शन संच वितरण किया जायेगा। उक्त कार्यक्रम का आयोजन स्व-स्वरूप संप्रदाय जिला पश्चिम पालघर द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम के आयोजन कमेटी द्वारा ज्यादा से ज्यादा लोगों से इस कार्यक्रम में शामिल होकर अनंत श्री विभूषित जगद्गुरु रामानंदाचार्य श्री स्वामी नरेंद्राचार्यजी महाराज, जगद्गुरु रामानंदाचार्य दक्षिण पीठ, नाणीजधाम (महाराष्ट्र) की सिद्ध पावन पादुका का दर्शन पूजन करने के अवसर का लाभ उठाने की अपील है।

# सुनीता विलियम्स ने भारत के साथ साथ गुजरात का भी मान बढ़ाया : भवानजी

**प्रेम चंद मिश्रा**

**मुंबई (उत्तर शक्ति)।** वरिष्ठ भाजपा नेता और मुंबई के पूर्व उप महापौर बाबू भाई भवानजी ने कहा है कि भारतीय मूल की अमेरिकी वैज्ञानिक सुनीता विलियम्स ने भारत के साथ साथ गुजरात का भी मान बढ़ाया है। आज एक बयान में भवानजी ने कहा कि सुनीता का मूल गांव गुजरात के मेहसाणा जिले में है। यहीं से उनके पिता दीपक पंड्या 1957 में अमेरिका गए थे। पिछले कई महीनों से उनके गांव वाले उनकी सकुशल वापसी के लिए यज्ञ कर रहे थे।

उधर प्रधानमंत्री मोदी ने सुनीता विलियम्स को पत्र लिखा कर कहा भारत में आपसे मिलने का बेसब्री से इंतजार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 18 मार्च को सुनीता विलियम्स को पत्र लिखकर अंतरिक्ष यात्रियों को शुभकामनाएं दी। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने पत्र को एक्स पर पोस्ट किया। प्रधानमंत्री मोदी ने पत्र में लिखा, मैं आपको भारत के लोगों की ओर से शुभकामनाएं देता हूं। आज एक कार्यक्रम में, मैं प्रसिद्ध अंतरिक्ष यात्री माइक मैसिमिनो से मिला। हमारी बातचीत के दौरान, आपका नाम आया और हमने चर्चा की कि हमें आप और आपके काम पर कितना गर्व है। इस बातचीत के बाद, मैं खुद को आपको पत्र लिखने से नहीं रोक सका। प्रधानमंत्री मोदी ने लिखा 1.4 बिलियन से अधिक भारतीयों ने हमेशा आपकी उपलब्धियों पर बहुत गर्व किया है।



हाल के घटनाक्रमों ने एक बार फिर आपके प्रेरणादायक धैर्य और दृढ़ता को प्रदर्शित किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भले ही सुनीता हजारों मील दूर हैं, लेकिन वह हमेशा दिल के करीब रहेंगी और भारत के लोग उनके अच्छे स्वास्थ्य और उनके मिशन में सफलता के लिए प्रार्थना कर रहे हैं।

उन्होंने लिखा सुश्री बोनी पांड्या आपकी वापसी का बेसब्री से इंतजार कर रही होंगी और मुझे यकीन है कि स्वर्गीय दीपकभाई का आशीर्वाद भी आपके साथ है। मुझे 2016 में संयुक्त राज्य अमेरिका की अपनी यात्रा के दौरान आपके साथ उनसे मुलाकात याद है। आपकी वापसी के बाद, हम आपको भारत में देखने के लिए उत्सुक हैं। भारत के लिए अपनी शानदार बेटियों में से एक की मेजबानी करना खुशी की बात होगी। मैं माइकल विलियम्स को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं भेजता हूं। आपको और बैरी विलमोव को बिक्री वापसी के लिए शुभकामनाएं।

## जीवन मित्र फाउंडेशन की ओर से स्कूली बच्चों को शैक्षणिक सामग्री का वितरण

**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** अंधेरी पूर्व की जानी मानी समाजसेविका मेरी ग्रेस के जीवन मित्र फाउंडेशन की ओर से आज स्कूली बच्चों को शैक्षणिक सामग्री विशेष रूप से नोट बुक, पेन, पेंसिल, कंपास बॉक्स और टिफिन बांटा गया ।इस अवसर पर स्कूली बच्चों का मार्गदर्शन करने के लिए प्रमुख रूप से भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा उत्तर पश्चिम के जिला अध्यक्ष हुसेन पठाण उपस्थित थे। बता दें पिछले काफी समय से समाजसेविका मेरी ग्रेस अपने फाउंडेशन के जरिए स्कूली बच्चों में समय समय पर शैक्षणिक सामग्री का वितरण किया करती है। शैक्षणिक सामग्री का वितरण करते हुए भाजपा



अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष हुसेन पठाण ने बच्चों की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि आज का दौर प्रतिस्पर्धा का दौर है। कंप्यूटर और टेक्नोलॉजी के दौर में अच्छी से अच्छी शिक्षा ग्रहण करने की होड मची हुई है। ऐसे में अभिभावक अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाने की कोशिश करें। पठाण ने जीवन मित्र फाउंडेशन की मुखिया मेरी ग्रेस को बधाई देते हुए कहा कि वे अपने फाउंडेशन के जरिए स्कूली बच्चों, गरीबों की समय समय पर मदद करती रहती हैं जो कि काबिले तारीफ है। इस दौरान बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

## विप्र फाउंडेशन बोईसर ने की जरूरतमंद परिवार की आर्थिक सहायता

**पालघर(उत्तरशक्ति)।** प्रसिद्ध समाजसेवी संगठन विप्र फाउंडेशन बोईसर की ओर से पिछले कई वर्षों से लगातार सामाजिक, धार्मिक कार्यों के साथ ही साथ गरीब, जरूरतमंद लोगों को आर्थिक सहायता पहुंचाई जा रही है। विप्र फाउंडेशन बोईसर प्रमुख ब्रह्मदेव चौबे व मार्गदर्शन रविकांत पाण्डेय की अगुवाई में फाउंडेशन के सहयोगियों के माध्यम से आय श्रोत विहीन गरीब जरूरतमंद परिवार को आर्थिक सहायता पहुंचाकर एक और नेक कार्य करने का कीर्तिमान बनाया है। बतादें कि बोईसर क्षेत्र में रहने वाले एक गरीब जरूरतमंद परिवार जिसका स्वास्थ्य की खराबी

विप्र
फाउण्डेशन
उन्नत समाज-समर्थ राष्ट्र

के कारण दवाओं पर आर्थिक खर्च तथा कोई आय के श्रोत न होने की वजह से उसके दो बच्चों की पढ़ाई अधर में लटक गई थी। जिसकी जानकारी विप्र फाउंडेशन बोईसर प्रमुख ब्रह्मदेव चौबे को प्राप्त होने पर फाउंडेशन के सहयोगियों के माध्यम से उस जरूरतमंद परिवार के लिए 15000 रुपए की आर्थिक सहायता के साथ ही साथ खाद्य सामग्री का भी प्रबंध कराया गया है। उक्त सहायता मिलने पर जरूरतमंद परिवार ने विप्र फाउंडेशन बोईसर के प्रति कृतज्ञता प्रकट की है।

## मीरारोड में आयुर्वेध 2025 का भव्य आयोजन

**वसई (उत्तरशक्ति)।** अखिल भारतीय आयुर्वेद महासम्मेलन की राज्य शाखा महाराष्ट्र आयुर्वेद सम्मेलन और श्री नरसिंह के. दुबे चॅरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित नालासोपारा आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज की ओर से 'AYURBODH-2025: Ayurveda Simplified for Practitioners' राष्ट्रीय सम्मेलन 23 मार्च 2025 को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक लता मंगेशकर नाट्यगृह , मीरा रोड (पूर्व), जिला ठाणे में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में देश भर के प्रख्यात चिकित्सक, विशेषज्ञ, डॉक्टर्स और आयुर्वेद प्रेमी एक साथ आकर आयुर्वेद ज्ञान, सर्वोत्तम उपचार विधियों और पारंपरिक ज्ञान एवं आधुनिक विधियों में नवीनतम प्रगति की समीक्षा के साथ चर्चा एवं मार्गदर्शन करेंगे। इस सम्मेलन में वैद्य महेंद्र विठ्ठल शिंदे अहिल्यानगर, वैद्य राकेश शर्मा दिल्ली, वैद्य अरविंद मेहेरे पुणे, वैद्य प्रवीण प्रभाकर जोशी धुले, वैद्य प्रफुल्ल मुंदड़ा नांदेड़, वैद्य चंचल शर्मा दिल्ली, वैद्य अपश्चिम बरंथ मालेगांव जैसे प्रख्यात आयुर्वेद विशेषज्ञ विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन देंगे तथा यहां मरीजों पर पंचकर्म प्रक्रियाएं भी की जाएंगी।

पालघर सांसद डॉ. हेमंत सावरा, महाराष्ट्र के परिवहन मंत्री प्रताप

आखिल भारतीय आयुर्वेद महासम्मेलन
आयुर्वेदोऽमृतानाम्

सरनाईक, बोर्ड ऑफ इथिक्स अँड रजिस्ट्रेशन फॉर इंडियन सिस्टीम ऑफ मेडिसिन एन सी आई एस एम दिल्ली के अध्यक्ष वैद्य राकेश शर्मा, महाराष्ट्र आरोग्य विज्ञान विद्यापीठ नाशिक के उपकुलगुरू वैद्य मिलिंद निकुंभ, अखिल भारतीय आयुर्वेद महासम्मेलन के केंद्रीय संगठन अध्यक्ष वैद्य रामदास आव्हाड, अखिल भारतीय आयुर्वेद महासम्मेलन के केंद्रीय सचिव वैद्य अनिल कुमार दुबे, अखिल भारतीय आयुर्वेद महासम्मेलन के केंद्रीय संगठन मंत्री वैद्य छोटेलाल यादव इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा श्री नरसिंह के दुबे चॅरिटेबल ट्रस्ट के सचिव एवं नालासोपारा आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज के डायरेक्टर वैद्य ओमप्रकाश दुबे तथा धूतपापेश्वर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के सीईओ रणजीत पुराणिक विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में उपस्थित रहेंगे।

इस राष्ट्रीय सम्मेलन में आयुर्वेद के चिकित्सको के साथ-साथ आयुर्वेद के पदवीधर, पदव्युत्तर, पीएचडी स्नातक एवं आयुर्वेद के अध्यापक भी भाग लेंगे। 22 मार्च 2025 को नालासोपारा आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज में महाराष्ट्र के आयुर्वेद पदव्युत्तर और पीएचडी छात्र द्वारा पेपर और पोस्टर प्रस्तुतियाँ आयोजित की गईं हैं और स्नातक छात्रों के लिए श्लोक ,योग और आहार पर प्रतियोगिताएँ भी आयोजित की गईं।

## दहानू तहसील के सुकड आंबा शिरसोन पाडा में पानी टांकी से गिरने से दो स्कूली छात्राओं की मौत

### शिवसेना जिला प्रमुख कुंदन संखे ने मृतक आश्रितों को बंधाया ढाढस

**पालघर(उत्तरशक्ति)।** जिले के दहानू तहसील अंतर्गत स्थित सुकड आंबा शिरसोन पाडा में जल जीवन मिशन के तहत निर्मित 40 फुट ऊंची पानी की टांकी से गिरकर दो स्कूली छात्राओं की मौत हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जल जीवन मिशन के तहत निर्मित पानी की टांकी पर छठवीं व सातवीं कक्षा की दो छात्राएं हर्षला रघु पागी व संजना प्रकाश राव स्कूल से वापस लौटते वक्त चढ़ गई। जिसके पश्चात जल जीवन मिशन के तहत निर्मित पानी टांकी का स्लैब के नीचे गिरने के साथ-साथ दोनों स्कूली छात्राएं भी नीचे गिर गई। जिसकी वजह से दोनों स्कूली छात्राओं की मौत हो गई। इस अत्यंत दुःखद घटना से क्षेत्र में शोकाकुल वातावरण हो गया। इस दुःखद घटना की जानकारी मिलते ही शिवसेना शिंदे गुट के पालघर जिला प्रमुख कुंदन संखे मौके पर पहुंचकर मृतक के परिजनों को ढाढस बंधाया और पीड़ित परिवार की आर्थिक



मदद करने साथ-साथ उन्हें न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया। शिवसेना जिला प्रमुख कुंदन संखे ने कासा पुलिस थाना के सहायक पुलिस निरीक्षक अविनाश मांदले से मुलाकात कर उक्त घटना के बारे में चर्चा कर मानव हत्या की धारा के तहत मुकदमा दर्ज करने की मांग की। वहीं जिला प्रशासन की ओर से इस मामले की जांचकर करवाई करने का भरोसा दिलाया गया। इस अवसर पर शिवसेना शिंदे गुट के पालघर जिला प्रमुख कुंदन संखे के साथ दहानू विधानसभा क्षेत्र प्रमुख सुनील ईभाड, दहानू तहसील प्रमुख संतोष देशमुख, दहानू तहसील संघटक उमेश गोवारी, उप तहसील प्रमुख सुरेश परेड, विभाग प्रमुख प्रकाश पागी, राजकुमार गिरी, सुधीर ओझरे उपस्थित रहे।

उत्तरशक्ति
* संपादकः ओमप्रकाश प्रजापति
* उप संपादकः प्रेम चंद मिश्रा
*प्रबंध संपादकः डा. शेषधर बिन्द
उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है।
पत्राचार कार्यालय :
उत्तरशक्ति (हिंदी दैनिक)
मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5, ए-337 ट्रक टर्मिनल डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल ऑटाफ हिल वडाला, मुंबई-37
मो.- 9554493941
email ID- uttarshaktinews@gmail.com




**स्वामी: शरद फागूराम प्रजापति, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति** द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, यूनिट क्रमांक 4, तल मजला, एन.के. इंडस्ट्रियल स्टेट, आरे रोड, प्रवासी इंडस्ट्रियल एस्टेट, जवल, गेट क्रमांक 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-400063, महाराष्ट्र से मुदित एवं के-4, रूम नं. 8, ग्राउंड फ्लोर न्यू समता सहकारी को.ऑ. हां. सोसाइटी, एमएमआरडीए कॉलोनी कंजूरमार्ग (वेस्ट), जिला मुंबई- 400078, महाराष्ट्र से प्रकाशित। RNI NO. MAHHIN/2018/76092 * **संपादक- ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति,** विश्व समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदाई तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुंबई न्यायालय के अधीन होंगे।
**पत्राचार कार्यालय:** मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5 ए-337 ट्रैक टर्मिनल, डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल, ऑटाफ हिल, वडाला मुंबई -37, **मो.- 9554493941 email ID- uttarshaktinews@gmail.com**

## अंबेडकरनगर में पति-पत्नी की एक साथ उठी अर्थी

अंबेडकरनगर (उत्तरशक्ति)। जनपद के राजेसुल्तानपुर थाना क्षेत्र के केदरूपुर गांव में दर्दनाक घटना सामने आई, जहां पति-पत्नी की अर्थी एक साथ उठी। मृतक मनोज पाठक, जो अपने परिवार के साथ दिल्ली में रहते थे। होली की छुट्टी में घर आए थे। घर पर ही उन्हें अचानक



दिल का दौरा पड़ा, जिससे उनकी मौत हो गई। पति की मौत की खबर सुनते ही पत्नी गुंजन यह सदमा बर्दाश्त नहीं कर सकीं और उनकी भी जान चली गई। परिवार में मातम छा गया और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। गमगीन माहौल में परिजनों ने दोनों का अंतिम संस्कार कर दिया।

## किसानों की समस्यओं को गम्भीरतापूर्वक सुनते हुए किया जाए त्वरित निस्तारण: डीएम

### जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में किसान दिवस का हुआ आयोजन

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। किसान दिवस के अवसर पर कृषि विभाग, विद्युत विभाग, उद्यान विभाग सहित विभिन्न विभागों के द्वारा संचालित योजनाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी किसानों को दी गई।जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जिन विभागों से सम्बन्धित शिकायतें प्राप्त हुयी उसे तत्काल निस्तारित करें। उन्होने कहा कि किसानों की समस्यओं को गम्भीरतापूर्वक सुनते हुए त्वरित निस्तारण करना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि किसान दिवस आयोजन करने का उददेश्य है कि किसानों को विभिन्न विभागों की योजनाओं की जानकारी दी जाए और उनसे जुडी समस्याओं को प्राथमिकता पर निस्तारित की जाए।जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी के द्वारा किसानों को वाल और टेबल कैलेण्डर, बैग एवं प्राकृतिक खेती के विषय पर आधारित चार्ट वितरित किया गया। डिप्टी आरएमओ नृपंजय पाठक ने बताया कि गेहूं क्रय केंद्र 17 मार्च से संचालित




हो गए हैं। इस वर्ष गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य में गत वर्ष से 150 रुपए प्रति कुंतल की वृद्धि हुई है। प्रति कुंतल गेहूं की एमएसपी 2425 रुपए है। गेहूं विक्रय के लिए किसान बंधु किसी भी जन सेवा केंद्र पर जाकर रजिस्ट्रेशन कराएं। किसान बंधु द्वारा स्वयं अपने मोबाइल में किसान मित्र ऐप डाउनलोड करके भी रजिस्ट्रेशन किया जा सकता है। इसके अलावा अपने नजदीकी किसी भी धान क्रय केंद्र पर जाकर निःशुल्क अपना पंजीकरण करा सकते हैं।किसान बंधुओं की सुविधा के लिए जिलाधिकारी द्वारा कुल 40 मोबाइल क्रय केंद्र भी बनाए गए हैं। जिस गांव में एक ट्रक लोड गेहूं मिलने की संभावना हो, वहां मोबाइल क्रय केंद्र के माध्यम से किसान के घर जाकर तौल कराई जाएगी। एक दिन पहले किसान बंधु कंट्रोल रूम के नम्बर 05452350857 पर गेहूं तौल के लिए फोन कर सकते हैं। कृषि वैज्ञानिक डा. सुरेंद्र सोनकर ने किसानों को बताया कि अधिक से अधिक वर्मी कंपोस्ट बनाकर खेत में डाले जिससे मिट्टी की गुणवत्ता सुधरेगी और गुणवत्ता युक्त अन्न उगाया जा सकेगा।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, उप निदेशक कृषि हिमान्शु पाण्डेय, जिला कृषि अधिकारी, सहित अन्य अधिकारीगण और किसान उपस्थित रहे।

## शाइन सिटी कंपनी के फरार मालिक राशिद नसीम के खिलाफ होगी कुर्की की कार्रवाई

वाराणसी(उत्तरशक्ति)। स्पेशल सीजेएम की अदालत ने शाइन सिटी कंपनी के मालिक राशिद नसीम को 11 मुकदमों में फरार घोषित किया है।अदालत ने उसके खिलाफ कुर्की की कार्रवाई शुरू करने का आदेश दिया है। कुर्की की कार्रवाई एक महीने के अंदर होगी। राशिद नसीम के खिलाफ वाराणसी, प्रयागराज, लखनऊ और सोनभद्र सहित प्रदेश के अन्य जिलों में धोखाधड़ी सहित अन्य आरोपों में 550 मुकदमे दर्ज हैं। ईओडब्ल्यू की वाराणसी इकाई ही 100 मुकदमों की जांच कर रही है।

प्रयागराज के जीटीबी नगर, करेली का मूल निवासी राशिद नसीम वर्ष 2016 में वाराणसी आया और कैंट थाना क्षेत्र के जेपी मेहता इंटर कॉलेज के पास सर्वोदय कॉम्प्लेक्स में शाइन सिटी कंपनी का कार्यालय खोला। वाराणसी सहित पूर्वांचल के अलग-अलग जिलों सहित बिहार तक के लोगों से अरबों रुपये प्लॉट, आवासीय योजना और अन्य लुभावनी योजनाओं के नाम पर जमा कराया। लगभग तीन वर्ष बाद राशिद नसीम और उसके लोग निवेशकों के रुपये हड़प कर भाग गए।निवेशकों को न प्लॉट मिला और न मकान दिया गया। पैसा भी हड़प लिया गया। आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) की वाराणसी इकाई के जनसंपर्क अधिकारी इंस्पेक्टर सुनील कुमार वर्मा ने मंगलवार को बताया कि शाइन सिटी कंपनी के कर्ता-धताओं पर वाराणसी के कैंट, सिगरा, मंडुवाडीह और रोहनिया थाने में 100 मुकदमे दर्ज हैं। शासन स्तर से इन मुकदमों की जांच और कार्रवाई की जिम्मेदारी ईओडब्ल्यू की वाराणसी इकाई को दी गई है। राशिद नसीम को छोड़ कर उसकी कंपनी के 15 आरोपी मौजूदा समय में जेल में बंद हैं। डिप्टी एसपी महेश पांडेय ने कैंट थाने में दर्ज नौ मुकदमों और इंस्पेक्टर विजय प्रकाश यादव ने कैंट थाने व सोनभद्र के शक्तिनगर थाने के एक-एक मुकदमे की जांच की। स्पेशल सीजेएम की अदालत के आदेश से जारी कुर्की की प्रक्रिया की जानकारी दी गई है। इसे आरोपी राशिद नसीम के मूल निवास स्थान, सार्वजनिक स्थानों और न्यायालय गेट पर चस्पा कराया गया है। यदि राशिद नसीम एक माह के अंदर न्यायालय में हाजिर नहीं हुआ तो उसकी संपत्तियों को कुर्क किया जाएगा।

## होली मिलन समारोह के माध्यम से सद्भावना क्लब ने दिया एकता, भाईचारा व सौहार्द बढ़ाने का संदेश

### होली से आपसी स्नेह-प्रेम भाईचारा एवं सद्भावना को मिलता है बढ़ावा

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। सद्भावना क्लब जौनपुर मेन द्वारा होली मिलन समारोह क्रिकेट कोच विवेक यादव जी केरोडवेज स्तिथ लान में आयोजित किया गया। इस अवसर पर शामे गजल गीत संगीत कार्यक्रम भी हुआ जिसमें गीत-कविता और गजल के साथ लोकगीत का सामंजस्य बेहद मनभावन रहा। कार्यक्रम में जहां सभी सदस्यों ने अपने बेहतरीन गीतों की प्रस्तुति से लोगों का मन मोह लिया, जो कार्यक्रम में जान डालने का काम किया। इसके पूर्व संस्थाध्यक्ष मोहम्मद रजा खान ने अतिथियों का स्वागत किया। कोषाध्यक्ष विवेकानंद मौर्या, सचिव विनीत गुप्ता सह सचिव हर्ष माहेश्वरी सह कोषाध्यक्ष चंद्रेश मौर्या ने अतिथियों को हर्बल अबीर का तिलक लगाकर व गुलाब की पंखुड़िया डालकर सम्मान किया। और फूलों की होली खेली गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अनिल अस्थाना पूर्व अध्यक्ष श्री दुर्गा पूजा महासमिति ने कहा कि होली का त्योहार एकता अखंडता भाईचारा प्रेम सौहार्द का पर्व हैं, और इस तरह के होली मिलन समारोह के



आयोजन से परस्पर आपसी स्नेह भाईचारा एवं सदभावना को बढ़ावा मिलता है। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष मधु सूदन बैंकर रेनू बैंकर ने भी गीत गाकर सभी को आकर्षित किया।

संचालन सचिव विनीत गुप्ता ने किया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष डॉ एम पी बरनवाल मीरा बरनवाल, पूर्व अध्यक्ष श्रवण साहू शशि कला साहू, पूर्व अध्यक्ष नरसिंह अवतार जायसवाल सरोज जायसवाल ने सभी सदस्यों को बधाई देते हुए होली के महत्व पर प्रकाश डाला पूर्व अध्यक्ष आशीष साहू निवर्तमान अध्यक्ष हफीज शाह ने सभी सदस्यों को होली की बधाई देते हुए समाज में भी प्रेम का रंग भरने की अपील की। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक विवेक यादव ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संतोष अग्रहरी, महेंद्र प्रताप यादव, डॉ हिर्दय मोहन केसरवानी, विकास अग्रहरी, अतीत मौर्या, ताहिर कादरी सोनू, प्रितेश गुप्ता, एजाज अहमद, अमित निगम, अमित गुप्ता, मोहित मौर्या, असगर मेहदी, नागेंद्र यादव राज कॉलेज, अखिलेश अग्रहरी, रविकांत जायसवाल, गौरव यादव, मोहम्मद आसिम आदि लोग उपस्थित रहे।

## दहेज में बाइक न मिलने पर विवाहिता की हत्या

### आज भी बतस्तूर समाज में होता है महिलाओं का दहेज उत्पीड़न, इसका ज़िम्मेदार कौन

गाजीपुर(उत्तरशक्ति)। कोतवाली भुड़कुड़ा अंतर्गत इब्राहिमपुर डिहवा गांव की मुसहर बस्ती में दहेज में मोटरसाइकिल न मिलने पर विवाहिता की हत्या कर दी गई जिसे परिजनों द्वारा आत्महत्या का रूप दिया गया।इब्राहिमपुर डिहवा गांव की 24 वर्षीय अंशिका का शव 17 मार्च को फंदे पर लटकता मिला सूचना मिलने पर परिजन पहुंचे और उन्होंने बताया कि अंशिका की शादी 2 वर्ष पहले आजमगढ़ के मेहनाजपुर में दीपक पुत्र रामसुख के साथ हुई थी शादी के बाद से ही परिजनों द्वारा मोटरसाइकिल की मांग की जा रही थी जिसे लेकर अंशिका के साथ मारपीट व प्रताड़ित किया जा रहा था। जिसकी शिकायत परिजनों ने पुलिस से भी की थी लेकिन दोनों पक्षों की रजा मंदी पर उसे ससुराल भेजा गया। जहां 17 मार्च को अंशिका की हत्या कर आत्महत्या का रूप दिया गया।अंशिका के पास एक साल का बेटा दिव्यांश है। इस बारे में प्रभारी निरीक्षक भुडकुडा शैलेश कुमार मिश्रा से पूछने पर उन्होंने बताया कि मृतका के परिजनों की तहरीर पर पति ससुर सास देवर और ननद के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## रामपुर पुलिस ने लूट के एक आरोपी को अवैध असलहा व कारतूस के साथ किया गिरफ्तार

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे।अभियान में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी मड़ियाहूँ के पर्यवेक्षण में थाना रामपुर पुलिस टीम द्वारा प्र0नि0 देवानन्द के नेतृत्व में प्र0चौ0 सिधवन उ0नि0 अजय कुमार शर्मा मय हमराह कर्म0गण के साथ चलाये जा रहे लूट/गोकशी अपराधी सत्यापन व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति/ वाहन के दौरान वाल्थर स्कूल के पास से आरोपी विवेक गौतम उर्फ सुदामा गौतम पुत्र संजय गौतम निवासी धनुहा थाना रामपुर जनपद जौनपुर को एक देशी कट्टा .315 बोर व एक जिन्दा कारतूस .315 बोर के साथ दिनांक 19.03.2025 को समय 07.51 बजे सुबह को पुलिस हिरासत मे लिया गया । सुसंगत धाराओ मे अभियोग मे पंजीकृत कर आरोपी के विरुध्द आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए चालान संबंधित न्यायालय भेजा गया।




## जिला बनेगा भाजपा का मजबूत किला: डॉ.अजय कुमार सिंह

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। बुधवार को सिहिपुर स्थित पार्टी कार्यालय पर भाजपा मछलीशहर के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष डॉ. अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में प्रथम जिला बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की शुरूआत में डॉ. अजय कुमार सिंह ने हाल ही में संपन्न हुए पार्टी कार्यक्रमों की गहन समीक्षा की। उन्होंने विगत आयोजनों की सफलता और कमियों पर प्रकाश डालते हुए कार्यकताओं को संगठन की मजबूती के लिए और अधिक समर्पण का आह्वान किया। इसके बाद उन्होंने आगामी कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा पेश की, जिसमें कार्यकताओं की भूमिका और जमीनी स्तर पर जन-जन तक पार्टी की नीतियों को पहुँचाने की रणनीति शामिल थी।डॉ. सिंह ने अपने प्रेरक संबोधन में सभी मंडल अध्यक्षों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे बिना किसी भेदभाव के समाज के हर वर्ग को जोड़ने का प्रयास करें। उन्होंने कहा, हमें ऐसा वातावरण बनाना है, जिसमें हर कार्यकर्ता और नागरिक भाजपा के साथ जुड़ाव महसूस करे। यही एकता आगामी पंचायत चुनाव और



2027 के विधानसभा चुनाव में पार्टी का परचम बुलंद करने का आधार बनेगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि कार्यकताओं का विश्वास और मेहनत ही वह नींव है, जिस पर मछलीशहर जिला भाजपा का मजबूत किला बनेगा। बैठक में संगठनात्मक ढांचे को सशक्त करने, बूथ स्तर तक प्रभावी संवाद स्थापित करने और जनता के बीच पार्टी की उपलब्धियों को प्रचारित करने पर भी गहन विचार-मंथन हुआ। डॉ. सिंह ने कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुँचाएँ और विपक्ष के दुष्प्रचार का मुंहतोड़ जवाब दें। इस दौरान मंडल अध्यक्षों ने भी अपने सुझाव और योजनाएँ साझा कीं, अंत में सभी ने एकजुट होकर पार्टी के लक्ष्यों को हासिल करने का संकल्प लिया।

संचालन स्कन्द पटेल ने किया। इस अवसर पर राजेश सोनकर, जयेश सिंह, आशीष सरोज, रणविजय सिंह, रजनीश चौबे, मुकेश सिंह, शिवम पाल, महेश चौरसिया, राजेश जायसवाल, अभिनव सिंह, मिथिलेश गिरी, प्रदीप पासी, योगेश मिश्रा, हरिहर राजभर, संतोष मौर्य, सुशील निषाद, उद्रेज पटेल, जगदीश चौहान आदि उपस्थित रहे।

## पूर्वांचल विश्वविद्यालय की लाइब्रेरी का होगा ऑटोमेशन

### लाइब्रेरी में इंटर्नशिप करने वाले विद्यार्थियों की बढ़ेगी संख्या

### विश्वविद्यालय परिसर की पुस्तकालय समिति की बैठक संपन्न

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के केंद्रीय पुस्तकालय में पुस्तकालय



समिति की बैठक कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। विश्वविद्यालय परिसर में संचालित नए पाठ्यक्रमों एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू होने के कारण संशोधित पाठ्यक्रम के अनुरूप पुस्तकों के क्रय की प्रक्रिया के लिए लिए समिति का गठन होगा।लाइब्रेरी का ऑटोमेशन किया जाएगा जिससे विद्यार्थियों को ऑनलाइन पाठ्यक्रम की पुस्तकों की जानकारी मिलेगी और आने वाले समय में पुस्तकों की सुरक्षा के लिए चिप लगाये जाएंगे। कुलपति प्रो.वंदना सिंह ने कहा कि विद्यार्थी पुस्तकों से जुड़े रहे इसके लिए उन्हें निरंतर प्रेरित करते रहे। बैठक का संचालन करते हुए मानद पुस्तकालय अध्यक्ष प्रोफेसर राज कुमार ने पुस्तकालय में पुस्तकों की अद्यतन स्थिति के बारे में प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि पुस्तकालय के नए भवन में शिक्षकों तथा शोध छात्रों के लिए बने रिसर्च कैरल्स में इंटरनेट कनेक्टिविटी कराए जाने, उच्च स्तर के बौद्धिक संसाधन को बढ़ाने एवं नवीन तकनीकों के माध्यम से संसाधनों के अधिकतम उपयोग करने पर सहमति बनी।

पुस्तकालय के दो हाल में वातानुकूलन की सुविधा प्रदान करने तथा क्रमबद्ध तरीके से पूरे पुस्तकालय को वातानुकूलित करने पर भी सहमति बनी और भविष्य में पुस्तकालय को ऑटोमेशन की ओर बढ़ाये जाने का सुझाव दिया गया। उन्होंने कहा कि केंद्रीय पुस्तकालय दिन में 12 घंटे खुला रहता है।स्टाफ तथा छात्र-छात्राओं की सुविधा के दृष्टिगत पुस्तकालय के अंदर एक कैफे कॉर्नर की सुविधा प्रदान कराई जाएगी। लाइब्रेरी में इंटर्नशिप करने वाले छात्र-छात्राओं की संख्या बढ़ाई जाएगी। धन्यवाद ज्ञापन डॉ.मनीष कुमार गुप्ता ने किया। बैठक में समिति सदस्य के रूप में कुल सचिव महेंद्र कुमार, प्रो.राजेश शर्मा, प्रो.अजय द्विवेदी, प्रो.सौरभ पाल, प्रो.मनोज मिश्र, प्रो.श्रीश कुमार सिंह, प्रो.बिजय कुमार उपाध्याय, प्रो.सत्य प्रकाश, प्रो.अजय कुमार दुबे, प्रो.राघवेन्द्र कुमार पांडेय, डॉ.नृपेन्द्र सिंह, पुस्तकालय प्रभारी डॉक्टर इंद्रेश कुमार तथा सहायक अवधेश प्रसाद उपस्थिति रहे।

## सर्ववैश्य समाज क्षेत्रीय समिति की बैठक सम्पन्न

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। मुंगराबादशाहपुर सर्ववैश्य समाज क्षेत्रीय समिति की बुधवार को बैठक मुख्य सलाहकार आलोक गुप्ता पिंटू के आवास पर समाज के अध्यक्ष राजकुमार ऊमरवैश्य की अध्यक्षता में आयोजित हुई।



बैठक में आगामी कार्यक्रम को लेकर योजना बनाई गई। बैठक में सलाहकार पूर्व चेयरमैन शिव गोविंद साहू,आलोक गुप्ता पिंटू, उमाशंकर गुप्ता, रामनारायण साहू, राजकुमार केशरी, जगदंबा जायसवाल, राजबहादुर चौरसिया नागेन्द्र मोदनवाल व सुरेश चंद सोनी आदि लोगों की उपस्थिति में आगामी 23 मार्च को राधेश्याम पैलेस में होली मिलन समारोह कराने, हर समाज के दो बुजुर्गो, समाजसेवीयों, मेघावियों व पत्रकारों को सम्मानित करने, कार्यक्रम सफल बनाने के लिए 6 संयोजक व 6 सहसंयोजक बनाने, समाज नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति, सर्ववैश्य समाज के प्रत्येक घरों से लोगों को आमंत्रित एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आदि कार्यक्रम कराने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता सलाहकार राम नारायन साहू तथा संचालक रंजीत भोजवाल ने किया। इस अवसर पर उमाशंकर चौरसिया, संदीप केसरी, शिवम् ऊमरवैश्य, विक्की मोदनवाल, इंजी उमाशंकर भोजवाल, मनीष केसरी, विपिन गुप्ता, बैजनाथ साहू, आशीष ऊमरवैश्य, हीरालाल भोजवाल, संदीप कसेरा, शिवम गुप्ता, अनूप जायसवाल, सूरज व नमन ऊमरवैश्य आदि लोग मौजूद रहे।

## मासूम के प्राइवेट पार्ट पर ब्लेड चलाया, हालत गंभीर, पुलिस मौके पर पहुंची

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जिले के बदलापुर थाना क्षेत्र में डेढ साल के मासूम बच्चे से बर्बरता की घटना सामने आई है। घर के बरामदे में दोपहर में सो रहे मासूम का किसी ने ब्लेड से प्राइवेट पार्ट काट दिया। बच्चे के रोने की आवाज सुनकर जब परिजन पास गए तो लहूलुहान हालत में देखकर वह सभी लोग दंग रह गए। गंभीर हालत में मासूम को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। परिजनों की तहरीर पर पुलिस जांच कर रही है। बदलापुर थाना क्षेत्र के बदलापुर खुर्द गांव में डेढ साल का मासूम श्रेयांश रविवार की दोपहर बरामदे में सो रहा था। उसकी तीनों छोटी बहनें खेल रही थी। मां घर के अंदर काम कर रही थी। इसी बीच किसी ने बच्चे के प्राइवेट पार्ट को ब्लेड से काट दिया। बच्चे के चिल्लाने की आवाज सुनकर जब परिजन उसके पास पहुंचे तो सभी लोग उसे देखकर हैरान रह गए। परिजन ने देखा कि बच्चे का प्राइवेट पार्ट कटा हुआ है और उसमें से खून निकल रहा था। परिजन घटना की सूचना पुलिस को देते हुए बच्चे को बदलापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां डॉक्टरों ने बच्चे की गंभीर हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।बच्चे के दादा लाल बहादुर निषाद का आरोप कि होली के दिन पडोस की एक महिला से उनके घर का विवाद हुआ था। उसके बाद अचानक उनके नाती के साथ ऐसी घटना हुई। घटना के समय बच्चा जींस की पैंट पहनकर सो रहा था। मासूम की हालत देखकर पूरे परिवार का रो रोकर बुरा हाल है लाल बहादुर का आरोप है कि जिस महिला से उनका विवाद हुआ था उसी पर उन्हें शक है।मासूम का प्राइवेट पार्ट बुरी तरह से काटे जाने के बाद वाराणसी के एक न्यूरोसर्जन को बुलाकर बच्चे का ऑपरेशन कराया गया. बच्चे की हालत गंभीर बताई जा रही है। बच्चे के साथ ऐसी बर्बरता किसने और क्यों की इसका पता लगाने में पुलिस जुटी है। क्या परिजन जिस महिला पर शक कर रहे हैं उसी ने मासूम के साथ ऐसा अमानवीय कृत्य किया है या किसी और ने अपनी दुश्मनी निकालने के लिए मासूम बच्चे को अपना निशाना बनाया।पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुट गई है। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेन्द्र कुमार सिंह के बदलापुर खुर्द गांव में डेढ साल के मासूम बच्चे के प्राइवेट पार्ट को चोट पहुंचाई गई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी, बच्चे का इलाज कराया जा रहा है। तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

## सड़कों पर अवैध ट्रैक्टर मचा रहे मौत का ताण्डव

### कोई नहीं है रोक टोक

जौनपुर(उत्तरशक्ति)।जिले भर में ईंट भट्ठों पर बिना रजिस्ट्रेशन ट्रैक्टर संचालित किये जा रहे हैं जिसकी भनक पुलिस प्रशासन को नहीं है। बिना नम्बर के ऐसे अवैध ट्रैक्टर सड़कों पर फरार्टा भरते हुये मौत का ताण्डव मचा रहे हैं। नम्बर न लिखा होने के कारण कोई दुर्घटना हो जाने के बाद अवैध ट्रैक्टर मालिक को ढूढ़ने में पुलिस हलकान होती है और तो और पूछताछ में सम्भावित ट्रैक्टर मालिक अपना ट्रैक्टर होने से ही इन्कार कर देता है। ऐसी स्थिति में मृतक के परिजनों को मुवावजा पाने में भी कठिनाइयों का सामना करते हुये लम्बी लड़ाई लड़नी पड़ती है। खुटहन थाना क्षेत्र के इमामपुर गांव का है जहां इसी 4 मार्च को ट्रैक्टर चालक ने स्पीड भरते हुये दरवाजे पर बैठे 55 वर्षीय महेन्द्र विश्वकर्मा को कुचल दिया जिससे उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। ट्रैक्टर पर क्षेत्र के ही एक ईंट भट्ठा के मार्का का ईंट लदा था। ट्रैक्टर थाने पर ले जाने के बाद जब छानबीन हुई तो पता चला उपरोक्त ट्रैक्टर का रजिस्ट्रेशन ही नहीं है। पुलिस ने भट्ठा मालिक से पूछा तो एक बारगी उसने अपना ट्रैक्टर होने से ही मना कर दिया। जानकारी के मुताबिक घटना करने वाले ट्रैक्टर के ब्राण्ड के और भी ट्रैक्टर बिना रजिस्ट्रेशन ईंट भट्ठों पर संचालित किये जा रहे हैं। यदि बिना नम्बर लिखे ऐसे अवैध ट्रैक्टरों की सघन जांच पड़ताल कर जब्त नहीं किया गया तो इस तरह की घटनाओं का खुलासा हो पाना और ट्रैक्टर मालिक का पता लगा पाना मुश्किल होगा। पुलिस प्रशासन को शीघ्र इस पर कार्यवाही करना चाहिये वर्ना ऐसे अवैध ट्रैक्टर बेखौफ होकर इसी तरह घटना को अंजाम देते रहेंगे।

## ब्लाक प्रमुख के खिलाफ बुलाई गई बैठक स्थगित, चचाओं का बाजार गर्म

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। धमार्पुर ब्लाक प्रमुख के खिलाफ आज होने वाली बैठक को स्थगित कर दिया गया। इस महत्वपूर्ण बैठक को टालने के पीछे एसडीएम की तबीयत खराब होने तथा सभी सदस्यों को समय से नोटिस न पहुंचने का कारण बताया गया है। अब यह बैठक 9 अप्रैल को आहूत की गई है। हालांकि आम चर्चा है कि अविश्वास के पक्ष लिए सदस्यों की संख्या को भांपते हुए सत्ता पक्ष के दबाव में यह निर्णय लिया गया है। मालूम हो कि वार्ड संख्या-37 क्षेत्र पंचायत सदस्य नीलम पाल पत्नी अजय प्रताप पाल द्वारा धमार्पुर की ब्लाक प्रमुख विमलेश यादव पत्नी ओम प्रकाश (मुन्ना) के विरुद्ध 20 फरवरी को आधे से अधिक निर्वाचित सदस्यों के हस्ताक्षर व निशानी अंगूठा सहित शपथ पत्र अविश्वास प्रस्ताव की नोटिस जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत किया गया था।जिस पर नियमानुसार अविश्वास प्रस्ताव के लिए क्षेत्र पंचायत की बैठक 19 मार्च दिन बुधवार को पूर्वान्ह 11:00 बजे क्षेत्र पंचायत धमार्पुर कार्यालय पर प्रस्तावित की गई थी जिसकी अध्यक्षता करने के लिए उप जिलाधिकारी, सदर को नामित किया गया था। ऐनवक्त पर उपजिलाधिकारी सदर ने रिपोर्ट दी कि उनका स्वास्थ्य खराब हो गया है तथा उनके संज्ञान में आया है कि कुछ क्षेत्र पंचायत सदस्यों को नोटिस निर्धारित समय में प्राप्त नही हुई है जिसके कारण प्रक्रियात्मक त्रुटि होने की संभावना है। एसडीएम सदर ने धारा-15 की उपधारा-4क व 4ख के अन्तर्गत आज की बैठक को स्थगित करते हुए अविश्वास प्रस्ताव के संबंध में अग्रिम बैठक दिनांक 09 अप्रैल, 2025 समय 11:00 बजे पूर्वान्ह क्षेत्र पंचायत धमार्पुर कार्यालय पर आहूत की है।

## गाजीपुर जेल अधीक्षक को शासन ने किया निलंबित, जेलर व डिप्टी जेलर पहले ही हो चुके हैं सस्पेंड

गाजीपुर(उत्तरशक्ति)। जिला जेल से गवाह को मोबाइल कॉल कराकर पैसे का लालच देने के मामले में जेल अधीक्षक अरुण प्रताप सिंह को शासन ने मंगलवार को निलंबित कर दिया। इनकी जगह जेल में उनकी जिम्मेदारी मऊ के जेल अधीक्षक आनंद शुक्ला को सौंपी गई है, जो दोनों जेलों की जिम्मेदारी देखेंगे। अधीक्षक पर कार्रवाई के लिए डीजी जेल पीवी रामाशास्त्री ने शासन से संस्तुति की थी। इससे पहले जेलर राकेश कुमार वर्मा और डिप्टी जेलर सुखवती देवी को सोमवार को निलंबित कर दिया गया था।बता दें कि गाजीपुर जेल में बंदी विनोद गुप्ता ने जेल से मुकदमे के गवाह को मोबाइल कॉल की थी। चार मार्च को गवाह की शिकायत पर डीआईजी जेल से इसकी जांच कराई गई। जांच में आरोप सही पाए जाने पर लापरवाह अफसरों के खिलाफ कार्रवाई की गई थी। वहीं, अधीक्षक पर कार्रवाई के लिए शासन को पत्र लिखा गया था। दूसरी तरफ केंद्रीय कारागार से आए जेलर वीरेंद्र कुमार वर्मा ने सख्ती शुरू कर दी है।

## महराजगंज पुलिस ने 2 वांछित आरोपियों को किया गिरफ्तार

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा जनपद मे अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान मे अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, शैलेन्द्र कुमार सिंह एवं क्षेत्राधिकारी बदलापुर, विवेक सिंह के निकट पर्यवेक्षण व प्रभारी निरीक्षक अरविन्द कुमार पाण्डेय थाना महराजगंज जनपद जौनपुर के नेतृत्व उ0नि0 शिव प्रसाद पाण्डेय व उ0नि0 शिवप्रसाद पाण्डेय मय पुलिस बल द्वारा मु0अ0सं0 03/2025 धारा 419/420/467/468/471/406 भादवि से सम्बन्धित वांछित आरोपी सुशील मौर्या पुत्र ओमप्रकाश मौर्या निवासी ग्राम बदलापुर खुर्द थाना बदलापुर जनपद जौनपुर को दिनांक 19.03.2025 को समय करीब 11.00 बजे भटपुरा नहर पुलिया से तथा उ0नि0 श्री कृपाशंकर मिश्रा मय पुलिस बल द्वारा मु0अ0सं0 129/2024 धारा 137(2)/87 बीएनएस व ¾ पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित आरोपी बृजेश पुत्र कालूराम निवासी ग्राम अंगराह थाना महराजगंज जनपद जौनपुर उम्र करीब 24 वर्ष को दिनांक 19.03.2025 को समय करीब 11.50 बजे पड़री चौराहा से गिरफ्तार किया गया, आवश्यक विधिक कार्यवाही कर न्यायालय भेजा गया।

## बदलापुर पुलिस ने हत्या की घटना का अनावरण कर एक आरोपी को किया गिरफ्तार

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा अपराध की रोकथाम एवं आपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे ।अभियान में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, शैलेन्द्र कुमार सिंह के दिशा निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी बदलापुर, विवेक सिंह के कुशल पर्यवेक्षण व प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार पाण्डेय के कुशल संचालन मे थाना बदलापुर की पुलिस टीम के द्वारा थाना स्थानीय पर दिनाँक 18.03.2025 को पंजीकृत मु0अ0सं0 111/25 धारा 103(1)/238 बीएनएस से सम्बन्धित मृतक गुड्डू गौतम पुत्र मटरू निवासी अहिरौली थाना बदलापुर जनपद जौनपुर की हत्या में सम्मिलित अभियुक्त 1. चहेटु उर्फ राजेश पुत्र राधेश्याम निवासी अहिरौली थाना बदलापुर जनपद जौनपुर उम्र करीब 38 वर्ष को आज दिनांक 19.03.2025 को समय करीब 10.35 बजे घर (ग्राम अहिरौली) से गिरफ्तार किया गया। विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय समक्ष भेजा गया।



## शताब्दी एक्सप्रेस के इंजन से टकराया सांड़, 20 मिनट खड़ी रही ट्रेन

**कानपुर (उत्तरशक्ति)।** मगरवारा रेलवे स्टेशन से सहजनी क्रॉसिंग के बीच नेहरू बाग रेलवे लाइन के पास बुधवार की शाम ट्रैक पार कर रहा सांड़ लखनऊ से कानपुर की ओर जा रही सम शताब्दी एक्सप्रेस के इंजन से टकरा गया। टक्कर लगने से इंजन के काऊ कैचर की जाली टूट गई। तेज आवाज होने और गोवंश के टुकड़े इंजन में फंसने की आशंका से चालक ने रेलवे क्रॉसिंग पर ट्रेन रोक दी। सब कुछ ठीक होने पर 20 मिनट बाद ट्रेन कानपुर के लिए रवाना हुईं।

## दवा लेने जा रही महिला को ट्रक ने कुचला, मौत

**आजमगढ़ (उत्तरशक्ति)।** जीयनपुर के चौराहे पर बाइक पर बैठ कर दवा लेने जा रही महिला की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। पुलिस ने सूचना मिलते ही शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम हाउस के लिए भेज दिया। मऊ के मधुबन थाना क्षेत्र के भिलउर गांव निवासी रिंकू देवी (40) पत्नी सुरेश गुप्ता मंगलवार सुबह लगभग 10 बजे अजीत गुप्ता के साथ बाइक से जीयनपुर दवा लेने जा रही थी जैसे ही जीयनपुर चौक चौराहे पर पहुंची तभी गिर कर ट्रक के नीचे चली गई। कुचल कर जख्मी हो गई। हालत गंभीर देखते ही परिजन जिला अस्पताल ले आए जहां डॉक्टर ने रेफर कर दिया। परिजन सिधारी स्थित निजी हॉस्पिटल ले गए जहां इलाज के दौरान मंगलवार शाम मौत हो गई। महिला एक बेटा और दो बेटियों की की मां थी।

## पीएम आवास योजना सर्वे का कार्य 31 तक पूरा कराने का निर्देश

**आजमगढ़ (उत्तरशक्ति)।** ठेकमा ब्लॉक सभागार में बुधवार को बीडीओ शशिकांत पांडेय की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें प्रधानमंत्री आवास योजना और फैमिली आईडी की प्रगति की समीक्षा की गई। बीडीओ ने पंचायत सचिवों को निर्देश देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास सर्वे का कार्य 31 मार्च तक हर हाल में पूरा करा लें। फैमिली आईडी के कार्य में तेजी लाएं। उन्होंने विशेष रूप से यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि कोई भी पात्र व्यक्ति इन महत्वपूर्ण योजनाओं से वंचित न रहे। कहा कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बरतने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में उन्होंने मनरेगा के तहत अमृत सरोवरों की सफाई पर भी विशेष जोर दिया। बीडीओ ने पंचायत सहायकों को समय पर कार्यालय पहुंचने और शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के साथ फैमिली आईडी बनाने का निर्देश दिया। बैठक में एडीओ आईएसबी देवेंद्र कुमार सिंह, एपीओ महीप पांडेय सहित सभी ग्राम पंचायत और ग्राम विकास अधिकारी, तकनीकी सहायक आदि उपस्थित रहे।

## जमीन दिलाने के नाम पर 30 लाख रुपये की ठगी

**गोरखपुर (उत्तरशक्ति)।** गोरखपुर के शाहपुर इलाके के तिनकोनिया नंबर एक निवासी एक युवक को जमीन दिखाने के नाम पर उसी के मोहल्ले की तीन भाइयों ने 30 लाख रुपये हड़प लिए। जमीन न मिलने पर पीड़ित ने रुपये मांगे तो तीनों जान से मारने की धमकी देने लगे। पीड़ित की पत्नी मंजू देवी ने एसएसपी से गुहार लगाई। मंगलवार को शाहपुर पुलिस ने जग्गल, श्रीराम और सुंदर के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक, शाहपुर इलाके के पादरी बाजार स्थित तिनकोनिया नंबर एक निवासी मंजू निषाद ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उनके गांव के तीन भाई जमीन का काम करते हैं। दो साल पहले उनके पति को जमीन दिलाने के नाम पर विभिन्न तिथियों में आरोपियों ने 30 लाख रुपये ले लिए।

## दो बच्चों के साथ दवा लेने निकली महिला लापता

**आजमगढ़ (उत्तरशक्ति)।** बरदह थाना के बरौना पट्टी निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर दो बच्चों और पत्नी के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पीड़ित बरौना पट्टी गांव निवासी नंद कुमार बिंद की 25 वर्षीया पत्नी अंजू मंगलवार को अपने दो बच्चों पांच वर्षीय अंजू और तीन वर्षीय अरुण को लेकर जौनपुर दवा लेने गई थी। लेकिन देर शाम तक घर नहीं लौटी। जब तीनों घर नहीं आए तो परिवार के लोगों ने इधर-उधर सभी की तलाश की। लेकिन तीनों का कहीं पता नहीं चला। बुधवार को मामले में पीड़ित नंद कुमार बिंद ने बरदह थाने पहुंच पत्नी और दोनों बच्चों के लापता होने की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने पीड़ित से तहरीर लेकर तलाश में जुटी है।

## जमीनी विवाद को लेकर पथराव

**आजमगढ़ (उत्तरशक्ति)।** रौनापार थाना क्षेत्र के सेठाकोली गांव में एक परिवार पर हुए जानलेवा हमले का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में दिख रहा है कि एक पक्ष दूसरे पक्ष पर हमला कर रहा है। यह घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी। इस हमले में कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित परिवार का आरोप है कि उन्होंने थाना रौनापार में शिकायत दर्ज कराने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने कोई सुनवाई नहीं की। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में साफ दिख रहा है कि हमलावरों ने ईंट-पत्थरों से परिवार पर हमला किया, जिससे भगदड़ मच गई। पीड़ित परिवार का कहना है कि हमले की वजह एक पुराना जमीनी विवाद है, जिसे लेकर दोनों पक्षों में पहले भी कहासुनी हो चुकी थी। पीड़ितों का आरोप है कि पुलिस हमलावरों पर कार्रवाई करने के बजाय चुप्पी साधे हुए है, जिससे पीड़ित परिवार खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा है। एसपी ग्रामीण चिराग जैन ने बताया कि पुलिस को वायरल वीडियो की जानकारी हो गई है।

## एयरपोर्ट पर कतार में खड़ी महिला की अचानक बिगड़ी तबियत, अस्पताल ले जाते हुए रास्ते में हुई मौत

**लखनऊ (उत्तरशक्ति)।** चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर एक बुजुर्ग महिला यात्री की अचानक हालत बिगड़ गई। वह इंडिगो फ्लाइट से यात्रा करने जा रही थी। गंभीर हालत में उसे लोकबन्धु अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कर्नाटक निवासी महिला यात्री मंगलम्मा(72) बीते मंगलवार शाम चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पहुंची थीं। उन्हें शाम 7:50 बजे लखनऊ से बंगलुरु जाने वाली इंडिगो की उड़ान संख्या 6ई-6354 से यात्रा करनी थी। वह एयरपोर्ट टर्मिनल में बोर्डिंग के लिए चेकइन की कतार में खड़ी थीं। इसी बीच उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। वह बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ी। मामले की जानकारी मिलने पर एयरपोर्ट प्रशासन ने मेडिकल टीम बुलाकर उनकी जांच करवाई तथा एंबुलेंस से तत्काल उन्हें लोकबन्धु अस्पताल पहुंचवाया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। फिलहाल पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मेडिकल रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। साथ ही एयरपोर्ट प्रशासन और पुलिस टीम एयरपोर्ट बिल्डिंग में लगे सीसीटीवी फुटेज की भी जांच कर रही हैं।

## पेड़ से लटका मिला BA की छात्रा का शव

**प्रयागराज (उत्तरशक्ति)।** प्रयागराज के मऊआइमा थाना क्षेत्र के एक गांव की बीए की छात्रा का शव पेड़ पर लटका मिला। वारदात से पूरे इलाके में सनसनी मच गई। घरवालों ने बताया कि वह 16 मार्च को सुबह घर से निकली और रहस्यमय ढंग से गायब हो गई थी। युवती के पिता ने सोमवार को मऊआइमा थाने में गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मंगलवार को शाम के समय सोरांव थाना क्षेत्र के धोसड़ा गांव के समीप एक बाग में संदिग्ध हालात में फांसी के फंदे पर झूलती हुई मिली। जिसे सोरांव पुलिस अपने कब्जे में लेकर परिजनों को सूचना दी है।

# जनता के कामों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी : सीएम योगी

**लखनऊ (उत्तरशक्ति)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जनहित के कामों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होगी। अच्छे लोगों की कहीं कोई कमी नहीं है, उन्हें प्रोत्साहन मिलना चाहिए। सीएम बुधवार को लाल बहादुर शास्त्री भवन स्थित सीएम कमांड सेंटर का निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों और परियोजनाओं की प्रगति जानी और आवश्यक निर्देश दिए। योगी ने कहा कि सिर्फ तीन कैटेगरी ए, बी और सी के तहत विभागों और योजनाओं की मॉनिटरिंग होनी चाहिए। जिला स्तर पर प्रतिदिन, हर दूसरे दिन, साप्ताहिक और पाक्षिक समीक्षा की जानी चाहिए। इसके लिए जिला स्तर पर अधिकारी की तैनाती करें। तत्पश्चात महीने में एक बार मंत्री स्तर पर समीक्षा हो और सभी रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय भेजी जाएं। उन्होंने वरासत, लैंड यूज जैसी सुविधाओं के निर्धारण में समय सीमा का पालन करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति को ट्रैक व मॉनिटर करने के लिए विकसित की गई रैंकिंग प्रणाली में गुणवत्ता और स्पीड पर ध्यान देना आवश्यक है। सबकी जवाबदेही सुनिश्चित की जाए। एमएसएमई विभाग को एक जिला-एक उत्पाद को आगे बढ़ाने के लिए जिलों के विशिष्ट फूड को भी जोड़ने को कहा। विभागों के परफॉर्मेंस डाटा की रैंडम चेकिंग करने का निर्देश भी दिया। वहीं मुख्य सचिव स्तर पर होने वाली समीक्षा बैठकों में टॉप-10 विभागों और



योजनाओं पर चर्चा करने का निर्देश देते हुए कहा कि जो विभाग और योजनाएं शीर्ष पर हैं, उनका प्रस्तुतिकरण सबके सामने रखा जाए। बताया जाए कि किस तरह कार्य करना है और कहां कमी रह गई है। उनकी रिपोर्ट और सक्सेस स्टोरीज को साझा करें। उन्होंने सख्त निर्देश दिया कि सरकार जो योजना या अभियान चलाती है, उसकी नियमित रूप से चेकिंग होनी चाहिए। हर विभाग अपने स्तर पर हर दिन मॉनिटरिंग करे। अधिकारी ध्यान दें कि योजना का लाभ अधिकतम लोगों तक पहुंचे। आईजीआरएस की समीक्षा करते हुए कहा कि संतुष्टिकरण का प्रतिशत बढ़ना चाहिए। राजस्व, पुलिस, स्वास्थ्य, जिला प्रशासन, नगर निगम, पंचायती राज व अन्य संबंधित विभाग शिकायतों से जुड़े पक्ष को जवाबदेह बनाएं। समस्याओं के निस्तारण को प्राथमिकता में रखते हुए तकनीक का उपयोग करें। कानपुर मेट्रो समेत अन्य परियोजनाओं की निरंतर फोटो अपलोड करें, ताकि अधिकारी अपडेट रहें। ई-अधियाचन के मामलों को लेकर बोले कि इसे भेजने से पहले विभाग स्तर पर परीक्षण किया जाए।

# वेंडर डेवलपमेंट प्रोग्राम सह औद्योगिक प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया

**पटना (उत्तरशक्ति)।** भारत सरकार एमएसएमई विकास कार्यालय, पटना, एमएसएमई मंत्रालय एवं पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, पूर्वी क्षेत्र -1, मुख्यालय के संयुक्त तत्वावधान में सीपीएसई स्तरीय वेंडर डेवलपमेंट प्रोग्राम सह औद्योगिक प्रदर्शनी का उद्घाटन पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के क्षेत्रीय मुख्यालय प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सीएसएस राव, संयुक्त निदेशक, एमएसएमई- विकास कार्यालय, पटना एवं अरविन्द कुमार पाण्डेय, मुख्य महाप्रबंधक, पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के द्वारा किया गया। उद्घाटन करते हुए अरविन्द कुमार पाण्डेय, मुख्य महाप्रबंधक ने एमएसएमई- विकास कार्यालय, पटना के इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बधाई दी एवं बिहार में एमएसएमई उद्यमों के लिए प्रचुर




संभावनाओं पर बल दिया। उन्होने केंद्रीय उपक्रमों द्वारा कुल खरीदारी में सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों की हिस्सेदारी सुनिश्चित करने का भी आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यालय के संयुक्त निदेशक, सीएसएस राव, आईईडीएस ने की। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उद्यमियों को अपने वार्षिक खरीद नीति के तहत केंद्र सरकार के सभी उपक्रमों एवं विभागों को निर्धारित 25 प्रतिशत सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों से क्रय के निर्धारित लक्ष्य का वर्णन किया, जिसके अंतर्गत महिला एवं एससी, एसटी उद्यमियों के लिए विशेष प्रावधान को प्रमुखता से बताया। उन्होने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में बने रहने के लिए आज एमएसएमई को आधुनिकीकरण करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर पावर पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, पूर्वी क्षेत्र के मुख्यालय के महाप्रबंधक राजेश कुमार एवं गवर्नमेंट ई मार्केटप्लेस के, आशुतोष कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे एवं उन्होंने अपने उद्बोधन में पावर ग्रिड द्वारा सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों से क्रय की जाने वाली वस्तुओं का विवरण दिया। उन्होंने सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों से पावर ग्रिड के विश्वसनीय वेंडर के रूप में निबंधन होने का आह्वान किया। कार्यक्रम में बिहार महिला उद्योग संघ की अध्यक्ष, उषा झा एवं लघु उद्योग भारती, बिहार चैप्टर के महासचिव सुमन शेखर, बिहार उद्योग संघ, पटना के कोषाध्यक्ष, सीए अरविन्द कुमार एवं डिक्की बिहार चैप्टर के अध्यक्ष कैप्टन सत्यप्रकाश, भी उपस्थित रहे एवं उन्होंने अपने-अपने विचार रखें।

# हिंसक हुआ पालतू कुत्ता, बुजुर्ग महिला को नोच-नोचकर मार डाला

**कानपुर (उत्तरशक्ति)।** जिले के रावतपुर इलाके में एक बुजुर्ग महिला पर उसी के पालतू कुत्ते जर्मन शेफर्ड' ने हमला कर दिया, जिससे महिला की मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। कुत्ते ने पिछले शुक्रवार को 90 वर्षीय मोहिनी त्रिवेदी पर हमला किया था। यह मामला बुधवार को तब प्रकाश में आया जब कुत्ते के मालिक मैकेनिकल इंजीनियर धीर प्रशांत त्रिवेदी ने कानपुर नगर निगम (केएमसी) के पशु चिकित्सा विभाग को एक आवेदन प्रस्तुत किया। इस आवेदन में उन्होंने कुत्ते को परिवार को सौंपने की अनुमति मांगी है। पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) आरती सिंह ने पुष्टि की कि रावतपुर में बुजुर्ग महिला मोहिनी त्रिवेदी पर उनके ही ह्यजर्मन शेफर्ड' ने हमला किया था, जिससे उनकी मौत हो गयी। उन्होंने कहा, हमें अभी तक इस संबंध में



लिखित शिकायत नहीं मिली है।" पुलिस उपायुक्त ने बताया कि उन्होंने अपने अधीनस्थों से मामले की जांच करने और जल्द से जल्द रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। साथ ही परिवार द्वारा लिखित शिकायत देने पर मामला दर्ज करने के निर्देश भी दिए गए हैं। एक अधिकारी ने बताया कि कुत्ते ने महिला के सिर, चेहरे, पेट और हाथ समेत पूरे शरीर पर काटा था जिसके बाद उन्हें लाला लाजपत राय (एलएलआर) अस्पताल ले जाया गया जहां महिला को मृत घोषित कर दिया गया। मोहिनी त्रिवेदी किसी काम से आंगन में गई थीं, तभी कुत्ता उन पर भौंकने लगा। इस पर मोहिनी ने कुत्ते को डंडे से मारा तो कुत्ते ने उन पर हमला कर दिया। महिला के पोते धीर और बहू किरण त्रिवेदी अपने-अपने कमरों में थे और पैरों में फ्रैक्चर होने के कारण वे मोहिनी की मदद नहीं कर सके। घटना की जानकारी मिलने के बाद रावतपुर पुलिस, कानपुर नगर निगम टीम के साथ वहां पहुंची और कुत्ते को अपने साथ ले गई, जिसे केएमसी के पशु चिकित्सा विभाग में रखा गया है। कानपुर नगर निगम के मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी आरके निरंजन ने संवाददाताओं को बताया कि जर्मन शेफर्ड' कुत्ते के मालिक धीर प्रशांत ने कुत्ते को सौंपने के लिए विभाग को लिखित अनुरोध किया है।

# पति -पत्नी की एक साथ उठी अर्थी : मासूम हुए अनाथ

अम्बेडकरनगर। उत्तर प्रदेश के अम्बेडकर नगर जिले से दुखद खबर सामने आई है जिसे सुनकर हर किसी की आंखे नम हो गई। दरअसल, अम्बेडकरनगर जनपद के अलापुर तहसील के केदरू पुर गांव में मनोज पाठक दिल्ली से होली मनाने के लिए अपने गांव आए हुए थे। अचानक उनकी कुछ तबियत खराब हो गई। आनन- फानन में परिजनों ने असपताल पहुचांया जहां पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी पत्नी को दी गई। पत्नी दिल्ली में रह रहे परिजनों के साथ दिल्ली से अपने गांव पहुंची तो उसे पति के मौत की जानकारी हो गई। इस सदमें पत्नी ने भी दम तोड़ दिया। इस पर परिजनों ने दोनो का अंतिम संस्कार एक ही चिता पर कर दिया। लोगों ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। वही अपने पीछे दो मासूमों को बेसहारा छोड़ गए पति



पत्नी तो इस दुनिया से चले गए, लेकिन दो मासूमों के सर से माता पिता का साया भी उठा गया। आप को बता दें कि मामला जनपद के अलापुर तहसील से जुड़ा है जहां पर .मृतक मनोज पाठक का पूरा परिवार हंसी खुशी से दिल्ली रहता था। मृतक मनोज पाठक होली कि छुट्टी में परिवार को दिल्ली में छोड़कर स्वयं घर चले आए। होली मनाने सब कुछ सही होली के बाद अचानक उनकी कुछ तबियत खराब हो गई। परिजनों ने अस्पताल पहुंचाया जहां पर उन्हें डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिवार वाले मृतक की पत्नी को दिल्ली सूचना देते है कि घर आ जाओ आपके पति की तबियत खराब है। पत्नी दिल्ली से गांव आती है। पति को देखने घर पहुंचने पर पत्नी को पता चला कि पति की हार्ट अटैक से हुई मौत हो चुकी है। यह सदमा पत्नी बर्दाश्त नहीं कर सकी और सदमे में पत्नी की भी जान चली गयी। पंचतत्व में विलीन हो गए...पति पत्नी को गमगीन माहौल में परिजनों ने दोनों शवों का अंतिम संस्कार किया। सात फेरो के साथ सात जन्मों तक साथ निभाने वाले वादे को इस जोड़े की एक साथ हुई मौत ने आज साथ साथ इस दुनिया को अलविदा कह दिया और अंतिम सांस तक एक साथ रहने और जीने मरने की कसमों को भी निभा दिया... फिलहाल पति पत्नी की इस दुखद मौत पर पूरा क्षेत्र शोक में डूबा हुआ है।

# धूमधाम से मना कलकलीबहरा प्राथमिक विद्यालय-1 का वार्षिकोत्सव

**सुरेश गांधी**

**दुद्धी, सोनभद्र।** प्राथमिक विद्यालय कलकलीबहरा-1 दुद्धी, सोनभद्र में बुधवार को वार्षिकोत्सव एवं शारदा संगोष्ठी का आयोजन धूमधाम किया गया। समारोह में बच्चों ने एक से बढ़ कर एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतति देकर वहां मौजूद लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया. इस दौरान अतिथियों द्वारा विद्यायल के उत्कृष्ट कार्य करने वालें बच्चों को स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। खासकर प्रतिभागी छात्र - छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं मैडल प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के अतिथियों ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों में आत्मविश्वास की बढ़ोत्तरी होती है। बच्चों के अंदर छिपी हुई प्रतिभा को निखारने का अवसर प्राप्त होता है। वार्षिकोत्सव के मुख्य अतिथि एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकुल आनंद पाण्डेय ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि कड़ी मेहनत व संघर्ष से सफलता पाई जा सकती है, सफलता के लिए कोई शार्टकट रास्ता नहीं है। भारतीय परंपरा, संस्कृति व अनुशासन का जीवन में बड़ा महत्व है और इसकी झलक आज के कार्यक्रम में देखने को मिला है। हम आज पूरी ईमानदारी से इसको जीवन में आत्मसात करेंगे तो जीवन में सर्वोच्च पद पर आसीन होंगे। इसके पुर्व कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के अलावा बीडीओ रामविशाल चौरसिया, बीईओ महेंद्र मौर्य, डायट प्रवक्ता मनोज, एडीओ पंचायत आशुतोष श्रीवास्तव, डीसी मनरेगा धर्मेंद्र सिंह, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के विवेक, समाजसेवी बालकृष्ण जायसवाल, एआरपी मनोज जायसवाल एवं श्रवण कुमार ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके बाद शैक्षिक स्टॉल व टीएलएम का अवलोकन करते हुए बीएसए सोनभद्र व बीडीओ दुद्धी ने संयुक्त रूप से रिबन काटकर स्कूल रेडिनेस कार्यक्रम के तहत नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत व उत्साहवर्धन किया। सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए नन्हे-मुन्ने बच्चों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रमों, नृत्य-संगीत, लघु नाटक, रोल प्ले आदि की ऊजार्वान एवं आकर्षक प्रस्तुतियां देकर देकर कार्यक्रम को बहुत ही यादगार बना दिया. प्राकृतिक संरक्षण की अपील करते हुए एक इकोक्लब की कैप्टन अनुष्का एवं टीम ने मार्मिक नृत्य प्रस्तुत किया। राज्य परियोजना द्वारा आयोजित वर्ष 2024-25 में डीएलएड प्रशिक्षुओं के माध्यम से किए गए आकलन में विद्यालय निपुण घोषित होने पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए विद्यालय परिवार का उत्साह वर्धन किया। कक्षा एक व दो में निपुण सभी बच्चों को सर्टिफिकेट व पुरस्कार वितरित कर उत्साह वर्धन किया गया। जबकि बेस्ट स्टूडेंट अवार्ड सृष्टि को एवं स्टूडेंट ऑफ द ईयर अवार्ड के लिए प्रियांशु को शील्ड व पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। विद्यालय में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली भोजन माताओं को भी उपहार देकर सम्मानित किया गया। बीडीओ ने विद्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों और प्रयासों की सराहना करते हुए सभी अभिभावकों से अधिक से अधिक बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने और नामांकन करने के लिए आह्वान किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने विद्यालय की दुरुस्त व्यवस्था संचालन एवं गुणवत्तापूर्ण स्थिति देखते हुए सराहना की। विद्यालय प्रधानाध्यापिका का पंचम कला, क्राफ्ट, पपेट्री में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त करने हेतु प्रशस्ति पत्र तथा मेडल देकर सम्मानित किया।

## एमजी कॉमेट ईवी 2025 को बेहतर सुविधा और आराम के साथ किया गया पेश



**पटना(उत्तरशक्ति)।** भारत की स्ट्रीट-स्मार्ट कार को और भी स्टाइलिश और आकर्षक बनाते हुए, जेएसडब्लू एमजी मोटर इंडिया ने कॉमेट ईवी 2025 पेश किया है। एमजी कॉमेट ईवी 2025 को 4.99 लाख (बैटरी-एज-ए-सर्विस के साथ 2.5/किमी) की आकर्षक शुरूआती कीमत के साथ पेश किया गया है। बेहतर सुविधाओं और एडवांस टेक्नोलॉजी फीचर्स के साथ इस कार में भविष्य की डिजाइन देखने को मिलती है। वे ग्राहक जो तकनीक से भरपूर और शहरी आवागमन के लिए एक प्रैक्टिकल कार चाहते हैं, वे अपनी नजदीकी एमजी डीलरशिप पर जाकर नई एमजी कॉमेट 2025 और हाल ही में लॉन्च किए गए कॉमेट ब्लैकस्टॉर्म एडिशन को ?11,000 में बुक कर सकते हैं। एमजी कॉमेट ईवी 2025 को पांच अलग-अलग वैरिएंट में पेश किया गया है, इन वेरिएंट में एग्जीक्यूटिव, एक्साइट, एक्साइट फास्ट चार्ज, एक्सक्लूसिव और एक्सक्लूसिव फास्ट चार्ज शामिल हैं. इन सभी को एक बेहद खास ड्राइविंग अनुभव प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। एक्साइट और एक्साइट एफसी वेरिएंट अब रियर पार्किंग कैमरा और पावर-फोल्डिंग आउटसाइड रियर व्यू मिरर से लैस हैं, ये फीचर्स वाहन चालकों के लिए ड्राइविंग को और भी सुविधाजनक और सुरक्षित बनाने हैं। जेएसडब्लू एमजी मोटर इंडिया के सेल्स हेड राकेश सेन ने कहा, एमजी कॉमेट ईवी की इनोवेटिव डिजाइन और यूजर फ्रेंडली फीचर्स ने उन ग्राहकों के लिए इसे एक बेहतरीन विकल्प बना दिया है, जो रोजाना आने जाने के लिए एक प्रैक्टिकल समाधान चाहते हैं। कॉमेट ईवी की बढ़ती स्वीकार्यता इसके बिक्री आंकड़ों में साफ नजर आती है। कैलेंडर वर्ष 2023 की तुलना में कैलेंडर वर्ष 24 में कॉमेट ईवी की बिक्री में 29 प्रतिशत का जोरदार उछाल देखने को मिला है।

## पेड़ पर लटकी मिली युवती,फांसी लगाकर दी थी जान

**प्रयागराज (उत्तरशक्ति)।** सोरांव के धोसड़ा गांव के पास एक दिन पहले पेड़ पर फंदे से लटकी मिली सरिता पटेल (21) ने फांसी लगाकर जान दी थी। बुधवार को पोस्टमार्टम में इस बात का खुलासा हुआ। पुलिस ने गांव के ही चंद्रजीत पटेल पर आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में केस दर्ज किया है। फिलहाल मुआवजे समेत अन्य मांगें पूरी होने तक परिजनों ने अंतिम संस्कार से इंकार कर दिया है। बेनी हाशिमपुर (नई बाजार), मऊआइमा की रहने वाली सरिता 16 मार्च की सुबह घर से निकलने के बाद गायब हो गई थी। मंगलवार दोपहर तीन बजे के करीब उसका शव सोरांव में धोसड़ा गांव के पास स्थित बाग में मिला था। बुधवार को दो डॉक्टरों के पैनल ने वीडियोग्राफी के बीच पोस्टमार्टम किया। इस दौरान शरीर पर कोई चोट का निशान नहीं मिला। यह भी खुलासा हुआ कि फांसी लगाने की वजह से उसकी मौत हो गई। उधर पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव लेकर गांव पहुंचे और मांग पूरी होने तक अंतिम संस्कार से इंकार कर दिया। आरोप लगाया कि दबाव में पुलिस ने हत्या की रिपोर्ट को आत्महत्या में दर्ज किया है, ऐसे में इसे हत्या में परिवर्तित किया जाए। 35 लाख मुआवजा दिया जाए। माता-पिता के नाम दो बीघा कृषि भूमि का पट्टा व भाइयों के नाम दो शस्त्र लाइसेंस जारी किया जाए। फिलहाल पुलिस व प्रशासनिक अफसर उनसे बातचीत करते रहे।

## यूपी बोर्ड की कॉपियों का मूल्यांकन शुरू

**गोंडा (उत्तरशक्ति)।** पीएमश्री फखरुद्दीन अली अहमद राजकीय इंटर कॉलेज समेत चार केंद्रों पर बुधवार से बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट कॉपियों का मूल्यांकन शुरू हो गया है। परीक्षकों के मूल्यांकन कक्ष में मोबाइल फोन ले जाने पर रोक लगाई गई है। जीआईसी और टॉमसन इंटर कॉलेज में इंटरमीडिएट बोर्ड की कॉपियों का मूल्यांकन हो रहा है। वहीं, जीजीआईसी व स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज में हाईस्कूल की कॉपियों का मूल्यांकन किया जा रहा है। परीक्षकों को हाईस्कूल की एक दिन में 50 और इंटरमीडिएट की 45 कॉपी का मूल्यांकन करना है। वहीं, कला विषय में परीक्षक 80 कॉपियों का मूल्यांकन करने को कहा गया है। अधिकारियों ने बताया कि जिले के चारों केंद्रों पर 19 मार्च से दो अप्रैल तक कॉपियों का मूल्यांकन किया जाएगा। बोर्ड परीक्षा प्रभारी दिवाकर मिश्र ने बताया कि डीआईओएस कार्यालय में प्रत्येक दिन मूल्यांकन की रिपोर्टिंग की जाएगी। इसके साथ ही बोर्ड परीक्षा की तरह ही डीआईओएस के कंट्रोल रूम को मूल्यांकन केंद्रों से जोड़ा गया है। डीआईओएस डॉ. रामचंद्र के निर्देश पर मूल्यांकन केंद्रों की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। यूपी बोर्ड के हाई स्कूल और इंटरमीडिएट की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन बुधवार को शुरू हो गया है। जिले के चार केंदों पर मूल्यांकन हो रहा है। मूल्यांकन के लिए नौरंगीलाल राजकीय इंटर कॉलेज, एसएमबी इंटर कॉलेज, श्री महेश्वर इंटर कॉलेज और एसएमबी इंटर कॉलेज को केंद्र बनाया गया है। शिक्षक संघ के आवाहन पर शिक्षक वहां पर काली पट्टी बांधकर मूल्यांकन कार्य कर रहे हैं।












## वी ने मुंबई में बेजोड़ मूल्य के साथ लॉन्च की 5जी सेवाएं




मुंबई। जाने-माने दूरसंचार सेवा प्रदाता वोडाफोन आइडिया ने आज मुंबई में अपनी 5जी सेवाओं के लॉन्च की घोषणा की है, इसके साथ कंपनी शहर के उपभोक्ताओं को नेक्स्ट जनरेशन कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने के लिए तैयार है। इस रोल-आउट के साथ वी प्रतिस्पर्धी कीमतों पर व्यापक कवरेज के साथ मोबाइल के अनुभव को बेहतर बनाएगा। प्रतिस्पर्धी स्पैक्ट्रम होल्डिंग से पावर्ड वी की 5जी सेवाएं आज से शहर में उपलब्ध होंगी, जिसके लिए नेक्स्ट जनरेशन इन्फ्रास्ट्रक्चर में महत्वपूर्ण निवेश किया है। कंपनी अपने उपभोक्ताओं को बेहतर क्षमता, उत्कृष्ट परफोर्मेन्स और विश्वसनीयता उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। यूजर सर्वश्रेष्ठ कनेक्टिविटी का अनुभव पा सकें, इसके लिए वी ने नोकिया के साथ साझेदारी की है, शहर में 5जी रोलआउट में इसके नए उपकरण को शामिल किया है, जो न सिर्फ कम खर्चीला बल्कि उर्जा प्रभावी भी है और नेटवर्क को अधिक स्थायी बनाता है। इसके अलावा वी ने एक एआई आधारित एसओएन (सेल्फ-ओगेर्नाइजिंग नेटवर्क) सिस्टम भी डिप्लॉय किया है, जो नेटवर्क के परफोर्मेन्स को निरंतर अनुकूलित कर उपभोक्ताओं के लिए सर्वश्रेष्ठ अनुभव को सुनिश्चित करता है। वी के 5जी इंटरोडक्टरी ऑफर के तहत उपभोक्ता मात्र रु 299 की शुरूआती कीमत वाले प्लान्स पर अनलिमिटेड 5जी डेटा का लाभ उठा सकते हैं, ऐसे में वी की यह सर्विस मार्केट में सबसे प्रतिस्पर्धी कीमत पर उपलब्ध है। इस सर्विस के साथ यूजर वीडियोज, ओटीटी ऐप्स, ऑनलाईन गेमिंग, वीडियो कॉल्स, कान्फ्रेंसिंग और डाउनलोड का उत्कृष्ट अनुभव पा सकते हैं। वी का 4जी नेटवर्क पहले से मुंबई में मोबाइल का सर्वश्रेष्ठ अनुभव प्रदान कर रहा है, जिसकी पुष्टि हाल ही में ओपनसिगनल द्वारा जारी रिपोर्ट में की गई है। अब 5जी के लॉन्च के साथ वी ने उपभोक्ताओं की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए हाई बैण्डविड्थ ऐप्लीकेशन्स जैसे स्ट्रीमिंग, गेमिंग एवं रियल टाईम क्लाउड एक्सेस के लिए अपने नेटवर्क को और अधिक मजबूत बना लिया है। इस अवसर पर जगबीर सिंह, सीटीओ, वोडाफोन आइडिया ने कहा, हम अपने यूजर्स के लिए 5जी को सार्थक रूप से पेश करने पर ध्यान केन्द्रित कर रहे हैं। हमने आधुनिक 5जी टेक्नोलॉजी को डिप्लॉय कर सशक्त 5जी नेटवर्क के निर्माण में निवेश किया है।

## तुळींज वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक विजय जाधव को दैनिक उत्तरशक्ति ने किया सम्मान



नालासोपारा (उत्तरशक्ति)। मीरा भयंदर पुलिस आयुक्त के तहत आने वाले पालघर जिले में स्थित नालासोपारा पूर्व तुळींज पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक विजय जाधव की निगरानी में होली के पर्व पर क्षेत्र में कोई अप्रिय घटनाएं घटीत नहीं हुई। जिससे होली बड़े धूमधाम से मनाई गई। अच्छी व्यवस्था के लिए दैनिक उत्तर शक्ति समाचार पत्र के तरफ से 19 मार्च 2025 बुधवार को सह उपसंपादक रमेश प्रजापति, उपसंपादक प्रेम चंद मिश्रा, वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक विजय जाधव, डॉ रवि पाण्डेय, डॉ विक्रम गजारे, त्रिलोकी प्रजापति, वरिष्ठ पत्रकार लाल शेखर सिंह, राजेश प्रजापति, सुख्खू यादव, एडवोकेट आचार्य पंडित दिनानाथ शुक्ल, आंनद कुमार मिश्रा ने शाल व पुष्प गुच्छ देकर स्वागत अभिनन्दन किया और लोगों ने बधाई देते हुए कहा कि भविष्य में भी ऐसे ही कानून व्यवस्था बनाए रखेंगे और कार्य करते रहेगें। उन्होंने कहा कि पत्रकारों के लिए हमारे पुलिस स्टेशन के दरवाजे हमेशा खुले रहेंगे। किसी भी समस्याओं के लिए संपर्क कर सकते हैं। उसका निदान करने की कोशिश करुंगा।

## फूल चंद मिश्रा के आवास पर सुंदर काण्ड पाठ का आयोजन

-संजय मिश्रा



कल्याण (उत्तरशक्ति)। डोम्बिवली पश्चिम नांदीवली में सुंदर काण्ड पाठ का आयोजन दिनांक 18 मार्च 2025 दिन मंगलवार से शुरू हुआ है। यह आयोजन हर मंगलवार से पांच मंगलवार चलेगा। जिसमें पंडित संजय मिश्रा के मार्गदर्शन तथा उनके सहयोगियों के प्रयास से सुंदर काण्ड पाठ कार्यक्रम होता रहेगा यह आयोजन पंडित फूल चंद महेश मिश्रा के द्वारा किया जा रहा है। बता दें फूल चंद महेश मिश्रा का पैतृक गांव जनपद जौनपुर विकास खंड सुजानगंज ग्राम राजापुर केवटली है। अब ये महाराष्ट्र के वीर छत्रपति शिवाजी महाराज के पावन धरती पर अपना जीविका चला रहे हैं। इनके परिवार के गणेश मिश्रा, सोनू मिश्रा, किशन मिश्रा सभी सदस्य गण की मौजूदगी में यह कार्यक्रम हो रहा है। प्रभु की असीम अनुकम्पा से पांच मंगलवार को सुंदर काण्ड पाठ चलेगा। तत्पश्चात महाप्रसाद का आयोजन भी किया गया है।

## रमेश पांडे बने उत्तर कोकण विभाग के सचिव



वसई रोड(उत्तरशक्ति)। भारतीय जनता पार्टी का उत्तर कोकण प्रदेश सचिव सलील घनश्याम गवळी ने रमेश परमात्मा पांडे को उत्तर कोकण विभाग सचिव पद पर नियुक्ती किया है। उनकी नियुक्ती से सभी कार्यकर्ता, प्रशंसक मे खुशी की लहर दौड़ गयी है। रमेश परमात्मा पांडे ने सलील घनश्याम गवळी को तन मन से काम करने का आश्वासन दिया। नियुक्ति की खबर पाकर लोगों ने बधाई दी है।

## वसई मध्यवर्ती कार्यालय में हुई मंडल बैठक




वसई। भारतीय जनता पार्टी वसई रोड दीन दयालनगर मध्यवर्ती कार्यालय में मंडल की बैठक जिला अध्यक्ष महेंद्र पाटिल वरिष्ठ नेता जोगेंद्र प्रसाद चौबे, वरिष्ठ नेता शेखर धुरी, भाजपा जिला महामंत्री अभय कक्कड़, मंडल अध्यक्ष महेश सरवणकर महिला मोर्चा प्रदेश सचिव श्रीमती अपर्णा ताई पाटिल मंडल महामंत्री दीपक शर्मा, एस सी मोर्चा अध्यक्ष अर्जुन इंगोले, संगीता महा डिक, उदय शेट्टी, मनोज चोटलिया की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर सक्रिय सदस्य पंजीकरण अधिक से अधिक हो इस विषय पर चर्चा की गई। इस अवसर पर वसई रोड मंडल के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# पति -पत्नी की एक साथ उठी अर्थीः मासूम हुए अनाथ, नम आंखों से लोगों ने दी अंतिम विदाई



अम्बेडकरनगर। उत्तर प्रदेश के अम्बेडकर नगर जिले से दुखद खबर सामने आई है जिसे सुनकर हर किसी की आंखे नम हो गई। दरअसल, अम्बेडकरनगर जनपद के अलापुर तहसील के केदरू पुर गांव में मनोज पाठक दिल्ली से होली मनाने के लिए अपने गांव आए हुए थे। अचानक उनकी कुछ तबियत खराब हो गई। आनन- फानन में परिजनों ने असपताल पहुचांया जहां पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी पत्नी को दी गई। पत्नी दिल्ली में रह रहे परिजनों के साथ दिल्ली से अपने गांव पहुंची तो उसे पति के मौत की जानकारी हो गई। इस सदमें पत्नी ने भी दम तोड़ दिया। इस पर परिजनों ने दोनो का अंतिम संस्कार एक ही चिता पर कर दिया। लोगों ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

वही अपने पीछे दो मासूमों को बेसहारा छोड़ गए पति पत्नी तो इस दुनिया से चले गए, लेकिन दो मासूमों के सर से माता पिता का साया भी उठा गया। आप को बता दें कि मामला जनपद के अलापुर तहसील से जुड़ा है जहां पर .मृतक मनोज पाठक का पूरा परिवार हंसी खुशी से दिल्ली रहता था। मृतक मनोज पाठक होली कि छुट्टी में परिवार को दिल्ली में छोड़कर स्वयं घर चले आए। होली मनाने सब कुछ सही होली के बाद अचानक उनकी कुछ तबियत खराब हो गई। परिजनों ने अस्पताल पहुंचाया जहां पर उन्हें डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

परिवार वाले मृतक की पत्नी को दिल्ली सूचना देते है कि घर आ जाओ आपके पति की तबियत खराब है। पत्नी दिल्ली से गांव आती है। पति को देखने घर पहुंचने पर पत्नी को पता चला कि पति की हार्ट अटैक से हुई मौत हो चुकी है। यह सदमा पत्नी बर्दाश्त नहीं कर सकी और सदमे में पत्नी की भी जान चली गयी।

पंचतत्व में विलीन हो गए...पति पत्नी को गमगीन माहौल में परिजनों ने दोनों शवों का अंतिम संस्कार किया। सात फेरो के साथ सात जन्मों तक साथ निभाने वाले वादे को इस जोड़े की एक साथ हुई मौत ने आज साथ साथ इस दुनिया को अलविदा कह दिया और अंतिम सांस तक एक साथ रहने और जीने मरने की कसमों को भी निभा दिया... फिलहाल पति पत्नी की इस दुखद मौत पर पूरा क्षेत्र शोक में डूबा हुआ है।

## दहेज हत्या मामले में दोषी करार पति को आजीवन कारावास

मैनपुरी। उत्तर प्रदेश के मैनपुरी जिले की एक अदालत ने दहेज की खातिर अपनी पत्नी की हत्या करने के मामले में एक व्यक्ति को दोषी करार देते हुए उसे आजीवन कारावास की सजा सुनायी है। जिला शासकीय अधिवक्ता (डीजीसी) पुष्पेंद्र सिंह चौहान ने बुधवार को बताया कि अलीगढ़ के लोको कॉलोनी निवासी मंजर जमाल ने एक मई 2018 को जिले के कुरावली थाने में एक प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसमें आरोप लगाया गया था कि उसकी बहन मुसरत जमाल (28) की उसके पति आरिफ ने अपने रिश्तेदारों सरवर, परवीन और वसीम के साथ मिलकर हत्या कर दी।

## रंग लगने से आक्रोषित युवक ने बच्ची को पीटा



विरार (उत्तरशक्ति)। विरार पश्चिम ग्लोबल सिटी में रहने वाला अर्चना शिवप्रसाद की 8 साल की सिया दुबे नाम की बच्ची होली के दिन बच्चों के साथ होली खेल रही थी। खेलते समय एक फुगा एक मुस्लिम युवक शमशेर पर गिर गया। उस समय शमशेर वसीम नाम का मुस्लिम युवक गुस्से में आकर 8 साल की बच्ची पर मारने पीटने लगा। जिससे बच्ची को चोटे आयी। घटना की जानकारी उसके माता पिता ने वसई विरार जिला बेटी बचाओ बेटी पढ़ओ की संयोजिका सोनी अरोरा, मीरा रावल, और शहर भाजपा मंत्री गुरजीत अरोरा को जानकारी दी। उक्त लोगों ने पीड़िता का माता पिता से मुलाकात किया और फरियाद पुलिस स्टेशन में देने का सुझाव दिया। सोनी अरोरा ने मदद करने का आश्वासन दिया। पुलिस को जानकारी देने से उस मुस्लिम युवक पर कड़क कार्यवाही करने को कहा।

## भाजपा महाराष्ट्र प्रदेश संगठन पर्व कार्यशाला सम्पन्न



मुंबई। दादर वसंत स्मृति कार्यालय में 'विकसित भारत, सशक्त भारत' के लक्ष्य को साकार करने के लिए भारतीय जनता पार्टी परिवार को अधिक से अधिक मजबूत करने के इसी उद्देश्य से भाजपा महाराष्ट्र प्रदेश की ओर से संगठन पर्व के तहत प्राथमिक सदस्य पंजीकरण के साथ सक्रिय सदस्य पंजीकरण पर जोर दिया जा रहा है। इसी क्रम में आज भाजपा महाराष्ट्र प्रदेश संगठन पर्व कार्यशाला का समापन मुंबई के दादर स्थित वसंत स्मृति कार्यालय में किया गया। इस अवसर पर महाराष्ट्र प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष रवीन्द्र चव्हाण, राष्ट्रीय सहसंगठन मंत्री शिवप्रकाश सहित भाजपा परिवार के सभी जिला अध्यक्ष एवं प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित थे।

## आकाश डिजिटल ने JEE और NEET की परीक्षा तैयारियों में बाधाओं को तोड़ स्थापित किये नए कीर्तिमान



मुंबई। परीक्षा की तैयारी के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड अब उच्च गुणवत्ता वाली कोचिंग अब परीक्षा तैयारियों में बाधाओं को तोड़ पहले से कहीं अधिक सुलभ, किफायती, लचीला और परिणाम केंद्रित बना कर इस क्षेत्र में नई राहें बना रहा है। आकाश 2.0 रणनीतिक योजना के तहत, अएरछ और अपने डिजिटल प्रयासों को और मजबूत करते हुए ऑनलाइन स्पेस में एक नई और अनोखी सेवा पेश कर रहा है। आकाश के सभी उत्पादों को डिजिटल स्पेस में एक ही मंच पर एकीकृत किया गया है - आकाश डिजिटल 2.0 एक परिवर्तनकारी ऑनलाइन शिक्षण प्लेटफॉर्म है, जो AI-पॉवर्ड, इंटरएक्टिव और परिणाम-केंद्रित कोचिंग प्रदान करता है। यह प्लेटफॉर्म NEET, JEE और ओलंपियाड की तैयारी करने वाले छात्रों को उच्च गुणवत्ता, किफायती और प्रभावी शिक्षा का अनुभव देता है। AI- पॉवर्ड इनसाइट, इंटरएक्टिव लर्निंग टूल्स और विशेषज्ञ मेंटरशिप का लाभ उठाते हुए, यह सुनिश्चित किया जाता है कि भारतभर के छात्र अपने घरों से ही शीर्ष-स्तरीय कोचिंग प्राप्त करें। आकाश डिजिटल 2.0 का बीटा संस्करण एक साल पहले लॉन्च किया गया था और इसके परिणाम बेहद उत्साहजनक और चौंकाने वाले रहे हैं। देश के दूरदराज इलाकों में रहने वाले छात्रों ने आकाश डिजिटल की इस नई पेशकश का लाभ उठाया और NEET और खएए जैसी प्रतिष्ठित परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन किया है। यह एक ऐसा अवसर है जो उन्हें आकाश डिजिटल के बिना मिल पाना मुश्किल था। इनमें से कुछ शानदार रिजल्ट की बात करें तो गुजरात के दीसा, बनासकांठा के गांधी वरदा जैमिन ने NEET 2024 में AIR 358 हासिल किया। जलगांव, महाराष्ट्र की मृण्मयी चौधरी ने NEET 2024 में AIR 426 प्राप्त किया। सुंदरगढ़, ओडिशा की रश्मि प्रकाश पलाई को NEET 2024 में AIR 649 मिला। पश्चिम बंगाल के त्रबेनी के रितम बनर्जी ने खएए एडवांस 2024 में AIR 226 हासिल किया। डिब्रूगढ़, असम के धृतिश्मान दत्ता ने खएए एडवांस 2024 में AIR1422 प्राप्त किया। देश के दूर-दराज इलाकों से ऐसी कई सफलता की कहानियों के बीच, मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा के चंद्रदीप पवार ने JEE एडवांस 2024 में AIR 2395 हासिल किया। ऐसी बहुत सारी सफलता की कहानियां हैं जो देश के दूर दराज इलाकों से सामने आई हैं। अपने विचार साझा करते हुए, आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और सीईओ दीपक मेहरोत्रा ने कहा, AESL में, हम छात्रों को ऐकडेमिक उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए सही मार्गदर्शन, ज्ञान और संसाधनों के साथ सशक्त बनाने में विश्वास करते हैं।

## कनिष्ठ पर्यवेक्षक मधुकर माळी का सेवा संपूर्ति समारोह संपन्न



मुंबई। सायन(पूर्व) स्थित जोगळेकरवाडी मनपा शाळा में बृहन्मुंबई महानगरपालिका शिक्षण विभाग -फ उत्तर वार्ड के शारीरिक शिक्षण के सुप्रसिद्ध कनिष्ठ पर्यवेक्षक मधुकर भिका माळी सर का सेवा संपूर्ति सत्कार उनकी जीवन संगिनी आशा मधुकर माळी एवं सुपुत्र निशीकांत सहित संगे संबंधियों की उपस्थिति में तथा पूर्व विभाग निरीक्षक जगदीश गायकवाड सर की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। प्रमुख अतिथि के रूप में उपशिक्षणाधिकारी कीर्तीवर्धन किरत कुडवे, उप शिक्षणाधिकारी सीपीडी अजय वाणी, उपशिक्षणाधिकारी एस आरएससी ममता राव मैड, पूर्व अधीक्षक-सीपीडी किसन केंकरे, अधीक्षिका छाया साळवे, अधीक्षक जि.प्र. कें., अधीक्षक पूर्व उपनगर लक्ष्मण गोसावी सर, प्रशासकीय अधिकारी टी वार्ड कैलास आर्या, प्रशासकीय अधिकारी जी/एस वर्षा गांगुर्डे, पूर्व वरिष्ठ पर्यवेक्षक दत्तू लवटे, पूर्व प्राचार्य शा. शि. प्रशिक्षण सत्यशीळा कांबळे, से. नि. कनिष्ठ पर्यवेक्षक धैर्यधर पाटील सर उपस्थित थे। निमंत्रक प्रशासकीय अधिकारी फ /उ विभाग मुंबई मनपा किसन पावडे, मान पत्र वाचन हवलदार सिंह, सूत्र संचालन राजेश अवघडे, कनिष्ठ पर्यवेक्षक शा.शि. अनिल सनेर ने किया।

## यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा पीएसबी हैकथॉन सीरीज 2025 में प्रथम आईडिया हैकथॉन का सफलतापूर्वक आयोजन



मुंबई। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा के. जे. सोमैया कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, मुंबई के सहयोग से, पीएसबी हैकथॉन सीरीज 2025 के तहत एक प्रमुख कार्यक्रम, आईडिया हैकथॉन का सफलतापूर्वक समापन किया गया. यह कार्यक्रम वित्तीय सेवाएं विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार और भारतीय बैंक संघ द्वारा एक बड़ी पहल का भाग है, जहाँ सभी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक (पीएसबी) हैकथॉन की एक श्रृंखला आयोजित करेंगे. इस पहल का उद्देश्य बीएफएसआई क्षेत्र में वास्तविक दुनिया की समस्याओं और संचालन के महत्वपूर्ण क्षेत्रों के लिए नवोन्मेषी समाधानों की खोज करना है. इस कार्यक्रम को महाराष्ट्र के 30 से अधिक कॉलेजों की लगभग 300 टीमों से उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली, जिनमें से 42 टीमों ने 24 घंटे के हैकथॉन में जोश के साथ भाग लिया, जिसके बाद 10 टीमें फिनाले में पहुंची. यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की प्रबंध निदेशक एवं सीईओ ए. मणिमेखलै ने बैंक के कार्यपालक निदेशकों के साथ विभिन्न श्रेणियों के तहत छह टीमों को विजेता घोषित किया, जिसमें एक महिला टीम और एक दिव्यांग टीम शामिल है. विजेता टीमों को 11 लाख रुपये की नकद पुरस्कार राशि दी गई, जिसमें प्रथम, द्वितीय, तृतीय और सांत्वना विजेताओं को क्रमशः 5 लाख रुपये, 3 लाख रुपये, 2 लाख रुपये और 1 लाख रुपये दिए गए. इस कार्यक्रम में अग्रणी बैंकों, वित्तीय संस्थानों, फिनटेक फर्मों और विनियामक निकायों के प्रतिष्ठित प्रतिनिधियों और गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया, जिनमें एनपीसीआई के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ दिलीप असबे भी उपस्थित रहे. कार्यक्रम में आरबीआई, आईबीए, आईडीआरबीटी, आईएफटीएएस, रीबिट, पीएसबी एलायंस के प्रतिनिधि और अन्य पीएसबी के शीर्ष कार्यपालक भी उपस्थित रहे. प्रबंध निदेशक एवं सीईओ ए. मणिमेखलै ने बताया, हमें आईडिया हैकाथॉन की मेजबानी करके बहुत खुशी अनुभव हो रही है, जिसने युवाओं को अपने नवोन्मेषी समाधान प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान किया है. आईडिया हैकाथॉन यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की नवाचार और डिजिटल परिवर्तन के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है. बैंक बीएफएसआई क्षेत्र में वृद्धि और उत्कृष्टता सुनिश्चित करने के लिए नवोन्मेषी विचारों का समर्थन और प्रोत्साहन करना जारी रखेगा.

## राजेश विक्रांत को छत्रपति शिवाजी महाराज राष्ट्रीय एकता पुरस्कार



मुंबई(उत्तरशक्ति)। जाने माने लेखक व व्यंग्यकार राजेश विक्रांत को महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी के प्रतिष्ठित राज्य स्तरीय जीवन गौरव सम्मान छत्रपति शिवाजी महाराज राष्ट्रीय एकता पुरस्कार से मंगलवार को बांद्रा पश्चिम के रंग शारदा आडिटोरियम में सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्य मंत्री आशीष शेलार ने उन्हें अकादमी के कार्याध्यक्ष डॉ एस पी दुबे, उपाध्यक्ष मंजू लोढ़ा, आर टी आई एक्टिविस्ट अनिल गलगली, साहित्यकार डॉ सुधाकर मिश्र, वरिष्ठ पत्रकार विमल मिश्र तथा पूर्व दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री की उपस्थिति में इस पुरस्कार के तहत स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र व 1 लाख रुपए की नकद राशि देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत सचिन निंबालकर, सह निदेशक व सदस्य सचिव अकादमी ने किया। संचालन आनंद सिंह व प्रसाद काथे ने किया। अमरजीत मिश्र ने आभार व्यक्त किया।

इस कार्यक्रम में परदे के पीछे के संपादक राजीव रोहित, समाजसेवी रवि शुक्ला, प्रो संतोष तिवारी, राष्ट्रीय सहारा के ब्यूरो चीफ अभय मिश्र, धर्मेंद्र पांडेय, अनिल पांडेय, रवींद्र मिश्र, डॉ अरविंद धर द्विवेदी, डॉ नीता द्विवेदी, डॉ आलोक द्विवेदी, मनोरमा त्रिपाठी, के के त्रिपाठी, संजय अमान, नामदार राही, गिरिराज शुक्ला, राजकिशोर तिवारी, डॉ रमाकांत क्षितिज, चंदन तिवारी, गिरिजेश ओझा, उषा ओझा, अलका शुक्ला, शुभम तिवारी, डॉ दीनदयाल मुरारका, अखिलेश तिवारी, कवयित्री संगीता दुबे, पत्रकार मनीषा गुरव, प्रकाशक राम कुमार, डॉ महिमा, डॉ मुकेश गौतम, पर्यावरणविद व इनोवेटर प्रेम अग्रवाल, डॉ जितेंद्र पांडेय, महाराष्ट्र रामलीला मण्डल के पदाधिकारीगण सुरेश द्वारिकानाथ मिश्र, श्रीनिवास मिश्र व रणजीत सिंह, आनंद श्रीवास्तव, अजय शुक्ल बनारसी, पत्रकार श्रीश उपाध्याय, राकेश तिवारी, हरिनाथ यादव, कवि अनिल कुमार राही, विनय शर्मा दीप, रवि यादव, फोटोग्राफर अर्जुन कांबले, पत्रकार सरताज मेहदी, आनंद मिश्र, विपुल मीनावाला, गौरव ओझा, पंकज सिंह, सुदर्शन सिंह, डॉ नरोत्तम शर्मा, कवि राम सिंह, कवि अनिल कड़क, शिक्षाविद आर के सर समेत साहित्य व पत्रकारिता जगत की अनेक विशिष्ट हस्तियां मौजूद थी।

# साहित्य, संस्कृति और राष्ट्र विषय पर त्रिदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

### केंद्रीय हिंदी निदेशालय नई दिल्ली व स्नातकोत्तर हिंदी विभाग, सरदार पटेल विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुई तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी



गुजरात। भारतीय ज्ञान परंपरा साहित्य, संस्कृति और राष्ट्र विषय पर त्रिदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन व सेमिनार आयोजित किया गया। जिसमें भारत भर के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय के आचार्य एवं विद्वत्तजन उपस्थित रहे। संगोष्ठी का आरंभ विश्वविद्यालय कुलगीत एवं प्रो. दिलीप मेहरा के शाब्दिक स्वागत से हुआ। सरदार पटेल विश्वविद्यालय के कुलपतिश्री प्रो. निरंजनभाई पटेल अध्यक्षता में केंद्रीय हिंदी निदेशालय, दिल्ली के निदेशक के निदेशक प्रो. सुनील कुलकर्णी द्वारा संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र को प्रारम्भ किया गया। जिसमें बीज वक्ता के रूप उत्तर प्रदेश के पूर्व शिक्षा मंत्री एवं वरिष्ठ साहित्यकार और हिंदी साहित्य भारती के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. रवीन्द्र शुक्ल ने भारतीय ज्ञान परम्परा पर विस्तृत व्याख्यान दिया साथ ही अम्बेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली के अधिष्ठाता एवं हिन्दी विभाग के आचार्य एवं अध्यक्ष प्रो. सत्यकेतु सांकृत ने भारतीय ज्ञान परंपरा को साहित्य, संस्कृति और राष्ट्र से जोड़ते हुए विशेष व्याख्यान दिया। संगोष्ठी के प्रथम दिवस के अन्य सत्रों में गुजरात एवं अन्य राज्यों से आये विषय विशेषज्ञों ने अपने वक्तव्य दिए। जिनमें रीता मुनि वैश्य (अध्यक्ष, हिंदी विभाग, गोहाटी विश्वविद्यालय), प्रो. योगेश गोकुल पाटिल (धुले, महाराष्ट्र), डॉ. एन. लक्ष्मी (अंडमान), प्रो. अलका पांडे (लखनऊ विश्वविद्यालय), प्रो. आर.के. मंडलिया (सेवानिवृत्त आचार्य एवं अध्यक्ष, अंग्रेजी विभाग, सरदार पटेल विश्वविद्यालय), डॉ. दिलीपभाई पटेल (आनंद एजुकेशनल कॉलेज), और प्रो. सुनील कुलकर्णी ने अपने विशेष वक्तव्यों से संगोष्ठी के प्रथम दिवस को सफल बनाया। संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र का संचालन कुलदीप आशकिरण एवं अन्य सत्रों का संचालन अनामिका कौशल और विमल चौधरी ने किया।

संगोष्ठी का द्वितीय दिवस एवं तृतीय सत्र में सत्राध्यक्ष के रूप में प्रो. दीपेन्द्र जाडेजा (आचार्य, हिंदी विभाग, म. स. विश्वविद्यालय, बड़ौदा) एवं विषय विशेषज्ञ प्रो. महेंद्र नाई (आचार्य, गुजराती विभाग, सरदार पटेल विश्वविद्यालय), डॉ. उपेंद्र सिंह चंदेल जी (अध्यक्ष हिंदी विभाग, आर्ट्स एंड कॉमर्स कॉलेज, बालासिनोर), डॉ. राजेश राढ़वा (सहायक आचार्य, हिंदी विभाग, श्री गुरू गोबिंद विश्वविद्यालय, गोधरा), डॉ. नीवा रिध्देश जोशी (साहित्यकार, अहमदाबाद) ने अपने विशेष सराहनीय वक्तव्य दिए।

संगोष्ठी के चतुर्थ एवं पंचम सत्र में डॉ. रवींद्र शुक्ल (वरिष्ठ साहित्यकार एवं पूर्व शिक्षा मंत्री उत्तर प्रदेश), डॉ. राजेन्द्र परमार जी(सहायक आचार्य, गुजरात विश्वविद्यालय, अहमदाबाद) प्रताप सिंह डाभी 'हॉकल' (साहित्यकार, अहमदाबाद), प्रो. वी. के. सुब्रह्मण्यम (आचार्य एवं अध्यक्ष, हिन्दी विभाग, कालीकट विश्वविद्यालय, केरल), प्रो. रामपाल शुक्ल (आचार्य, संस्कृत विभाग, म. स. विश्वविद्यालय, बड़ौदा), डॉ. तरुण मेहता (महुवा, भावनगर), अरविंद ब्रम्हभट्ट (बड़ौदा), डॉ. योगेंद्रनाथ मिश्र (प्रसिद्ध भाषा वैज्ञानिक, गुजरात), महर्षि शैलेश्वर स्वामी (मेडिटेशन आश्रम, बड़ौदा) आदि ने अपने विशेष वक्तव्यों से संगोष्ठी में रसामृत घोल दिया जिससे विद्यार्थी, शोधार्थी और अध्यापक सभी लाभान्वित हुए। द्वितीय दिवस के सभी सत्रों का संचालन कुलदीप आशकिरण, विकास मिश्र, एवं विमल चौधरी ने किया।

संगोष्ठी का तृतीय एवं समापन दिवस। षष्टम् सत्र एवं सप्तम सत्र में सत्राध्यक्ष के रूप में प्रो. सत्यकेतु सांकृत (अधिष्ठाता एवं अध्यक्ष, हिन्दी विभाग, अंबेडकर विश्वविद्यालय, दिल्ली) एवं डॉ. एन. लक्ष्मी जी (विभागाध्यक्ष, महात्मा गांधी सरकारी महाविद्यालय, मयम्बदर, अंदमान) तथा विषय विशेषज्ञ प्रो. महेश याज्ञिक (पूर्व आचार्य, सरदार पटेल विश्वविद्यालय) प्रो. योगेश गोकुल पाटिल (उप-प्रधानाचार्य एवं विभागाध्यक्ष, हिन्दी विभाग विश्ववर्धिनी महाविद्यालय, धुले, महाराष्ट्र), डॉ. पंकज लोचन सहाय (साहित्यकार, गुजरात), डॉ. संगीता चौहान (प्राध्यापिका, नलिनी अरविंद आर्ट्स कॉलेज), डॉ. अनिला मिश्रा (प्राध्यापिका, हिन्दी विभाग, सरदार पटेल विश्वविद्यालय) डॉ. शिल्पा कामालिया (विभागाध्यक्ष, हिंदी विभाग, नलिनी अरविंद आर्ट्स कॉलेज) आदि ने अपने वक्तव्यों से विद्यार्थी, शोधार्थी एवं अध्यापकों को लाभान्वित किया। संगोष्ठी के समापन सत्र में गुरुमैया डॉ. हरेश्वरी देवीजी ने आशीर्वचन के साथ संगोष्ठी समापन की घोषणा की और अंत में केंद्रीय हिंदी निदेशालय की प्रभारी डॉ. बबीता रानी श्रीवास्तव ने आभार प्रकट करते हुए निदेशालय की खूबियों से अवगत कराया साथ ही विद्वत्तजनों के द्वारा प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। संगोष्ठी का संचालन कुलदीप आशकिरण और रोनिका उपाध्याय ने किया। तीन दिवसीय यह संगोष्ठी सफलता पूर्वक